लक्ष्मीजी का पूजन मुहूर्त
- स्थिर लग्न वृषभ शाम 6 :00 से 8 :20 बजे तक
- रात्रि 8 :20 बजे से 10 :55 बजे तक शुभ
- रात्रि 10 :50 बजे से 1:30 बजे तक अमृत
- व्यावसायिक पूजन दोपहर 1.30 से शाम 6 .00 बजे तक



# हरिभूमि

शुभ दीपावली



नई दिल्ली, सोमवार 20 अक्टूबर 2025 | कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | वर्षः 29, अंक : 187 | पृष्ठ : 12, मूल्य : 2.00 | haribhoomi.com








inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## दिवाली पर्व की शुभकामनाएं

दिवाली के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## अवकाश

दीपावली के अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं व वितरक बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 20 अक्टूबर सोमवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। आगामी अंक 22 अक्टूबर बुधवार को आपके हाथों में होगा। – संपादक

## रामनगरी में 'दिव्य दिवाली'

**26.17** लाख दीये जलाकर स्वागत

गिनीज बुक में दर्ज हुआ रिकॉर्ड



# अयोध्या पधारे प्रभुजी श्रीराम

*सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

प्रभु राजा राम अयोध्या पहुंच गए। उनके आगमन पर पूरी अयोध्या रोशनी से नहा उठी। दीपोत्सव पर अयोध्या के नाम दो विश्व कीर्तिमान दर्ज हुए। पहले में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 26. 17 लाख दीये जलाए गए। ड्रोन से दीपों की गणना के बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्वप्निल दंगारीकर व कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने नए कीर्तिमान की घोषणा की। यह लगातार नौवीं बार विश्व रिकॉर्ड बना है। सीएम योगी ▶▶ शेष पेज 6 पर

**शाम को 5 बजे से 56 घाट रोशनी से नहाए ड्रोन से दीपों की गणना**



- ***दूसरा रिकॉर्ड** सरयू आरती का रहा जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया*
- ***मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रामकथा पार्क के मंच पर श्रीराम का राजतिलक किया*

### 10 हजार जवानों ने संभाली अयोध्या में सुरक्षा की कमान

दीपोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के लिए लगभग 10 हजार जवानों ने सुरक्षा की कमान संभाली। खुफिया एजेंसियां विभिन्न स्वरूपों में इनपुट तलाशती रहीं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस, पीएसी, आरएएफ के जवान मुस्तैद रहे। आयोजन सकुशल संपन्न होने पर ▶▶ शेष पेज 6 पर

'आर्य युग विषय कोष विश्वकोश' के विमोचन कार्यक्रम में बोले आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत

# हमारे पूर्वजों ने विज्ञान व संस्कृति सिखाई, न किसी का धर्मांतरण किया और न ही किसी पर विजय पाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि प्राचीन काल में भारत के लोग संस्कृति और विज्ञान का प्रचार प्रसार करने के लिए दुनिया भर में घूमे हैं। भारत दुनिया भर में अपनी संस्कृति और विज्ञान के लिए जाना गया है, लेकिन कभी किसी पर न तो आक्रमण किया और न ही धर्मांतरण कराने में लिप्त हुए। डॉ. भागवत ने यह बात 'आर्य युग विषय कोष विश्वकोश' के विमोचन पर कही। डॉ. भागवत ने कहा कि कई आक्रमणकारियों ने भारत को लूटा और दास बनाया। आक्रमण करने वाले अंतिम आक्रमणकारियों (अंग्रेजों ने) ने हमारे मन को लूटा। जिससे हम अपनी ताकत और दुनिया के साथ ▶▶ शेष पेज 6 पर



### मन और बुद्धि से हम विदेशी बन गए

*डॉ. भागवत ने कहा कि मैकाले ज्ञान प्रणाली ब्रिटिश राज के समय भारत में लाई गई। इसकी शुरुआत अंग्रेजों ने 1835 में की ताकि भारतीयों को अपनी संस्कृति और ज्ञान से दूर करके अंग्रेजों जैसा सोचने वाला बनाया जा सके। मैकाले ने क्या बदलाव किया 1800 के दशक में थामस बबिंगटन मैकाले नाम के ब्रिटिश अधिकारी ने रिपोर्ट तैयार की, जिसमें कहा गया कि भारत के संस्कृत, फारसी, गुरुकुल प्रणाली में ज्ञान न के बराबर है। 1835 में अंग्रेजी शिक्षा अधिनियम के जरिए भारत में स्कूल-कालेजों का चलन शुरू किया गया और अंग्रेजी को मुख्य भाषा बना दिया गया। भारतीय शिक्षा* ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### 4 माह गर्म जल से स्नान करेंगे बाबा महाकाल

**उज्जैन।** उज्जैन के महाकाल मंदिर में सभी त्योहारों को देशभर में सबसे पहले मनाने की परंपरा है।



इसी परंपरा के तहत रविवार की सुबह भस्म आरती के दौरान रूप चौदस पर भगवान महाकाल का गर्म जल से स्नान कराया गया। पुजारी परिवार की महिलाओं ने भगवान को उबटन लगाकर और फुलझड़ी जलाकर दिवाली उत्सव की शुरुआत की। पुजारी महेश गुरु ने बताया विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल को गर्म जल से स्नान कराया गया, जिसे अभ्यंग स्नान कहा जाता है। कार्तिक मास की चौदस से सर्दियों की शुरुआत मानी जाती है।

### पीएम मोदी नौसैनिकों के साथ मनाएंगे दिवाली

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी दिवाली जवानों के साथ मनाते रहे हैं। इस बार वे दिवाली नौसेना के जवानों के साथ मना सकते हैं।



पीएम आज सोमवार को गोवा जा सकते हैं, जहां पर वे आईएनएस विक्रांत पर तैनात नेवी के जवानों के साथ देश का सबसे बड़ा सांस्कृतिक त्योहार मनाएंगे। यह यात्रा पाकिस्तान के लिए बड़ा संदेश हो सकती है कि अब भी मौका है, वह सुधर जाए वरना उसका भूगोल बिगाड़ने का काम अगली बार नौसेना करेगी। बता दें कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय नौसेना ने सीधा हिस्सा नहीं लिया, संभावना ने ही पाकिस्तान में खलबली मचा दी थी।

**इसरो को मिली बड़ी सफलता,** 22 जुलाई 2019 को गए चंद्रयान मिशन ने एक बार फिर इतिहास रचा

जब सूर्य का विशाल तूफान चंद्रमा से टकराया, तो उसका वातावरण फूल गया

# पहली बार दर्ज किया गया सौर विस्फोट का चंद्रमा पर प्रभाव

एजेंसी ▶▶ चेन्नई


चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर उतरकर इतिहास रचने वाले चंद्रयान-2 ने एक बार फिर नई जानकारी जुटाई है। सूर्य के चांद पर पड़ने वाले असर का चंद्रयान-2 ने पता लगाया है। इसरो ने इसकी जानकारी साझा की है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इस अवलोकन से चंद्रमा के बाह्यमंडल,




चंद्रमा के अत्यंत विरल वायुमंडल और उसकी सतह पर अंतरिक्ष मौसम के प्रभाव को समझने में मदद मिलेगी। इसरो ने बताया कि भारत के महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-2 के लूनर ऑर्बिटर ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी और पहली बार देखी गई घटना दर्ज की है। चंद्रयान-2 पर लगे वैज्ञानिक उपकरण चेस-2 ने सूर्य से निकलने वाले कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के प्रभावों को चंद्रमा के बाह्यमंडल यानी उसके बेहद पतले वायुमंडल पर सीधे देखा है। चंद्रयान-2 के ▶▶ शेष पेज 6 पर

## मुंबई के झवेरी बाजार में बिका 36 टन सोना

**मुंबई।** धनतेरस के अवसर पर शनिवार को मुंबई के प्रसिद्ध झवेरी बाजार में करीब 36 टन सोने की बिक्री हुई। इसमें सिक्कों और गोल्ड बार की खरीदारी में



उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। सोने की कीमत में 5000 रुपए की गिरावट के बाद ग्राहकों का रुझान बढ़ा। इससे कुल कारोबार में तेजी आई। इस बार चांदी की बिक्री भी मजबूत रही, जबकि सोने के गहनों की बिक्री में थोड़ी कमी आई। देशभर में लगभग 50,000 करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। धनतेरस के एक दिन पहले सोने की कीमतें 1,36,000 रुपए 10 पर थी, जो शनिवार 18 अक्टूबर धनतेरस के दिन 5000 रुपये गिरकर 1,31,425 रुपए 10 ग्राम पर कारोबार करती दिखी। चांदी की कीमत 157,590 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही।

## जारी हुआ जेईई मेंस एग्जाम का शेड्यूल

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम परीक्षा तिथियों की घोषणा कर दी गई है। जो उम्मीदवार इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिला लेने



के लिए एनटीए जेईई मेंस 2026 परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, वे एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर जेईई मेंस एग्जाम शेड्यूल देख सकते हैं। एनटीए की ओर से जेईई मेंस परीक्षा का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। इसके साथ ही पहले और दूसरे चरण के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। पहले चरण की परीक्षा 21 से 30 जनवरी, 2026 के बीच और दूसरे चरण की परीक्षा 01 से 10 अप्रैल, 2026 के बीच आयोजित कराई जाएगी।

**कैंसर और डायबिटीज के मरीजों के लिए उम्मीद भरी खबर**

यह उन मरीजों के लिए बहुत मददगार साबित होगा, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर

# भारत ने बनाया पहला स्वदेशी एंटीबायोटिक जानलेवा इन्फेक्शन पर मार करेगा असरदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अच्छी खबर

भारत ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। देश ने अपना पहला स्वदेशी एंटीबायोटिक नैफिथ्रोमाइसिन बनाया है, जो जानलेवा श्वसन संक्रमणों से लड़ने में बहुत असरदार है। यह खास तौर पर कैंसर के मरीजों और अनियंत्रित डायबिटीज वाले लोगों के लिए एक उम्मीद की ▶▶ शेष पेज 6 पर



### 50,000 करोड़ रुपए का बजट

डॉ. सिंह ने अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन को इस दिशा में एक बहुत बड़ा कदम बताया। इस फाउंडेशन के लिए अगले पांच सालों में कुल 50,000 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इसमें से 36,000 करोड़ गैर-सरकारी स्रोतों से आएंगे। यह देश में रिसर्च और डेवलपमेंट (अनुसंधान और विकास) को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत आर्थिक सहारा देगा।

### भारत ने 10,000 से ज्यादा मानव जीनोम का सीक्वेंसिंग पूरा कर लिया

मंत्री ने यह भी बताया कि भारत ने 10,000 से ज्यादा मानव जीनोम (मानव शरीर की आनुवंशिक जानकारी) का सीक्वेंसिंग पूरा कर लिया है। अब उनका लक्ष्य इसे बढ़ाकर दस लाख तक ले जाना है। यह जेनेटिक रिसर्च (आनुवंशिक शोध) के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी प्रगति है। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 6 पर




## खबर संक्षेप

### सीएम पर हमले के आरोपी के खिलाफ 400 पन्नों का आरोपपत्र किया दाखिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर 'जन सुनवाई' के दौरान हमला करने के आरोपी के खिलाफ मजिस्ट्रेट अदालत में करीब 400 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आरोपी सकारिया राजेशभाई खिमजीभाई (41) और उसके मित्र सैयद तहसीन रजा पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत विभिन्न अपराधों के लिए आरोपपत्र दाखिल किया गया है, जिनमें हत्या का प्रयास, हमला करना और लोक सेवक को उसके कर्तव्य का निर्वहन करने से रोकना और आपराधिक साजिश के आरोप शामिल हैं। अदालत के सूत्रों ने बताया कि मजिस्ट्रेट ने शनिवार को अंतिम रिपोर्ट पर संज्ञान लेने के बाद मामले की अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को तय कर दी। उन्होंने कहा कि अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, खिमजीभाई इसलिए नाराज था, क्योंकि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने उच्चतम न्यायालय के 11 अगस्त के उस आदेश का समर्थन किया था, जिसमें प्राधिकारियों को आवारा कुत्तों को अन्यत्र स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया था। अदालती सूत्रों ने बताया कि आरोपपत्र में 40 से अधिक गवाहों के बयान शामिल हैं। गुप्ता पर 20 अगस्त की सुबह लगभग सवा आठ बजे सिविल लाइंस स्थित उनके कैंप कार्यालय में आयोजित 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान हमला हुआ। उनके कार्यालय ने इसे "उनकी हत्या की एक सुनियोजित साजिश" का हिस्सा बताया। मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री की जांच की और उनकी एमएलसी (मेडिको-लीगल केस) जांच भी की गई।

### कार और ट्रक की बैटरी चुराने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में कार और ट्रक की बैटरी चुराने वाले गिरोह के पांच कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से चोरी की 85 बैटरी बरामद की गईं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान दिल्ली में दर्ज चोरी के कम से कम पांच मामले भी सुलझ गए हैं। उन्होंने बताया कि कबीर नगर निवासी आकाश (30) और आयुष (25) बैटरी चोरी करते थे और अमजद (40), वसीम (38) और एक कबाड़ कारोबारी मोहम्मद फजलुद्दीन (51) को बेचते थे। पुलिस के अनुसार, यह सफलता तब मिली जब 14 अक्टूबर को कल्याणपुरी में एक ऑटोरिक्शा पर सवार होकर आए दो लोगों द्वारा कार की बैटरी चोरी करने का मामला सामने आया। उसने बताया कि मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरी में इस्तेमाल ऑटोरिक्शा की पहचान की गई। पुलिस ने बताया कि जानकारी के आधार पर टीम ने आकाश और आयुष को गिरफ्तार कर लिया और चोरी की पांच बैटरी बरामद कीं। उनसे पूछताछ में मिली जानकारी के बाद इसे खरीदने वाले दो लोगों और कबाड़ कारोबारी को गिरफ्तार किया लिया गया। पुलिस ने बताया कि जौहरीपुर स्थित एक गोदाम पर छापा मारकर चोरी की 80 और बैटरी बरामद की गईं।

### घर से काम करने के नाम पर ठगी का शिकार हुई महिला, दो गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक महिला को घर से काम करने के नाम पर ठगने के आरोप में लखनऊ से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता स्मिता वर्मा को होटलों की रेटिंग के लिए घर से काम करने का मौका देने की आड़ में 31,800 रुपये की ठगी की गई। एक अधिकारी ने बताया कि लखनऊ निवासी आलोक कुमार (32) और आदित्य शुक्ला (22) को धोखाधड़ी में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी साइबर धोखाधड़ी में शामिल एक गिरोह को बैंक खाते भी बेचते थे।

## दीपावली पर्व पर प्यार और भाईचारा बढ़ाने का संकल्प लें, ग्रीन पटाखों का ही उपयोग करें: रेखा

# बाजारों में बढ़ी भीड़, घंटों जाम में बुरी तरह फंसी रही दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लगातार दूसरे दिन रविवार को दिल्ली के बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। छोटे बड़े बाजारों में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। वहीं दूसरी तरफ दूसरे दिन सड़कों पर जाम के हालात शनिवार से भी बदतर देखने को मिले और मिनटों के सफर में घंटो लग गए। हालांकि दिल्ली पुलिस ने सुचारू रूप से यातायात प्रवाह बने रहे इसके लिए हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात करने का दावा किया। लेकिन तमाम उपायों व उठाए गए कदमों के बावजूद नरक चौदस यानी छोटी दिवाली पर लोगों को जाम की पीड़ा सहनी पड़ी। राजधानी के छोटे बड़े थोक बाजारों में लोगों की भीड़ ऐसी रही की मानो मानव समुद्र लहरे मार रहा हो। शामिल खान मार्केट, मीना बाजार, ग्रेटर कैलाश, चांदनी चौक, जनपथ, पहाड़गंज, खारी बावली, कनॉट प्लेस, सरोजनी नगर, द्वारका, लक्ष्मी नगर, करोल बाग, महिपालपुर, मुखर्जी नगर, बुराड़ी संत नगर, ज्वाला हेड़ी मार्केट, तिलक नगर, नरेला, नजफगढ़, उत्तम नगर, द्वारका, साउथ एक्स, लाजपत नगर आदि शामिल है। जाम के हालात का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बुराड़ी गांव से बुराड़ी पुलिस थाने के लगभग एक किलोमीटर रास्ते को पार करने में एक घंटे से अधिक का



समय लगा। कमला नगर, शक्ति नगर, घंटाघर, पहाड़गंज, करोल बाग, आनंद पर्वत, पीरागढ़ी, उत्तम नगर, समयपुर बादली, नरेला, भोरगढ़, अलीपुर, नजफगढ़, द्वारका बदरपुर, महिपालपुर रिंग रोड, कापसहेड़ा सहित अन्य जगह जाम के हालात बने रहे। जाम की बात छोड़ दे तो दुकानदारों व व्यापारियों के लिए दिवाली पर उमड़ रही भीड़ आमदनी बढ़ाने वाली साबित हो रही है। नरक चौदस यानी छोटी दिवाली के दिन बाजारों में फूल माला, फल विक्रेता, पूजा सामग्री विक्रेता, मिठाई वाले सबसे अधिक पटाखा बेचने वालों की दुकानों पर ग्राहको की भीड़ जुटी रही। फूल व पूजन सामग्री विक्रेता सतपाल मदान ने बताया कि इस बार दिल्ली में यमुना में आई बाढ़ की वजह से फूलों की काफी खेती तबाह हो गई, बाहरी दिल्ली से कुछ फूल मिला है, लेकिन महंगा है। सतपाल ने बताया कि दिल्ली की सबसे बड़ी फूल गाजीपुर मंडी में गत वर्ष की तुलना में इस बार फूलों के भाव में 20-30 प्रतिशत की तेजी है। फूल मंडी में गेंदा, गुलाब, गुलदाउदी, मोगरा व अन्य फूलों के रेट बढ़े हुए है। फूल मंडी में गेंदा के फूल का थोक रेट 100 से लेकर 150 रुपये किलो तक, जबकि फुटकर में गेंदा का फूल 200 से 250 रुपए किलो तक बिक रहा है। जबकि गुलाब थोक में 250 से 300 रुपए किलो तक बिक रहा है। वहीं गुलदाउदी का रेट 400-500 रुपए किलो और मोगरा 700 से 800 रुपये किलो व इससे भी अधिक रहा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को दिल्लीवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं और कहा है कि आइए, हम पर्व पर एक-दूसरे से प्यार और भाईचारा बढ़ाने का संकल्प लें। मुख्यमंत्री ने राजधानी के लोगों से अनुरोध किया है कि दिल्ली को प्रदूषण से बचाने के लिए ग्रीन पटाखों का ही उपयोग करें और पारंपरिक तरीके से दीये प्रज्ज्वलित करें, रंगोली को प्राथमिकता दें और मिठाइयां बांटकर एक-दूसरे को खुशहाली का संदेश दें। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी के पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि उजाले, वैभव और मिलन के पर्व दीपावली को हम शांति और सद्भाव के साथ मनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि रोशनी के इस पर्व पर मेरा दिल आप सबके साथ आनंद और उल्लास से भरा हुआ है। दीपावली केवल दीयों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन में एक नया उजाला और नई आशा लेकर आती है। रोशनी का यह त्योहार आपके और आपके परिवार के जीवन में नई ऊर्जा, अपार सुख और समृद्धि लेकर आए। दीपावली केवल दीयों का नहीं, बल्कि सकारात्मकता, एकता और हमारे साझा भविष्य के संकल्पों का पर्व है। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की, असत्य पर सत्य की और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली मेरा परिवार है और इस पर्व पर मैं अपने इस परिवार के हर सदस्य की खुशहाली और बेहतर भविष्य की कामना करती हूं। मुख्यमंत्री ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि आप लोगों की शुभकामनाएं भी दिल्ली सरकार के साथ है। इसलिए हमारी सरकार लगातार जनहित के कार्य कर रही है और विकास योजनाओं को लगातार अमली जामा पहनाकर विकसित दिल्ली के संकल्प को पूरा करने का प्रभावी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का सबसे बड़ा कर्तव्य अपने लोगों के प्रति अपनत्व और सेवा की भावना रखना है।

मेरी सरकार पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ दिल्ली की सेवा कर रही है। हमने जनता से जुड़े उन मुद्दों को प्राथमिकता दी है, जो सीधे आपके जीवन को प्रभावित करते हैं। हमारी सरकार ने पुरानी योजनाओं की खामियों को दूर कर सुनिश्चित किया है कि गरीबों और बुजुर्गों के लिए पेंशन और सहायता राशि सही हाथों तक पहुंचे। हम अपनी माताओं व बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। हमारी सरकार वर्षों से अटके हुए फ्लाईओवर और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को तेजी से पूरा कर रही है।

### दिवाली केवल रोशनी का नहीं, बल्कि श्रम समानता और सम्मान का पर्व : मिश्रा

नई दिल्ली। दीपावली केवल रोशनी का नहीं बल्कि श्रम, समानता और सम्मान का पर्व है। यह बात दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने नेताजी नगर स्थित एनबीसीसी निर्माण स्थल पर कार्यरत श्रमिक भाइयों-बहनों और उनके परिवारों के साथ दीपावली मनाने के दौरान कही। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि हमने यह निर्णय लिया कि दीपावली का पर्व हमें अपने श्रमिक भाई-बहनों के साथ मनाना चाहिए। बहुत से श्रमिक अपने गांव चले गए हैं, पर अनेक अभी दिल्ली में ही हैं। रविवार सुबह से हमने उनके परिवारों और बच्चों के साथ दीपावली मनाई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आयोजन दिल्ली सरकार के श्रम मंत्रालय के इतिहास में पहली बार किया गया है। अब इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से बड़े स्तर पर आयोजित किए जाएंगे ताकि श्रमिक वर्ग समाज के केंद्र में सम्मानपूर्वक जुड़ा रहे। मंत्री मिश्रा ने कहा कि कई वर्षों तक दिल्ली में आस्था और उत्सवों पर तरह-तरह की रोक लगाई जाती रही।



दीपावली पर पटाखों पर प्रतिबंध, छठ पूजा पर यमुना किनारे पूजा करने तक की मनाही थी। पिछली सरकारें आस्था और परंपराओं के विरोध में दिखाई देती थी। उन्होंने कहा कि अब सरकार बदल चुकी है और नई सरकार ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने इस बार ग्रीन पटाखों की अनुमति दी है। मिश्रा ने कहा कि दिल्लीवासी इस बार अनुशासन और पर्यावरण के संतुलन के साथ दीपावली मनाएंगे। जैसे पूरा देश और दुनिया दीपावली मनाती है, वैसे ही अब दिल्लीवासियों को भी दीपावली मनाने का अधिकार मिला है।

### मुख्यमंत्री ने डीएमआरसी चिल्ड्रन होम में बच्चों के साथ मनाई दीपावली

**नई दिल्ली।** दीपावली केवल दीप जलाने का नहीं, बल्कि दिलों में रोशनी फैलाने का पर्व है। इन बच्चों की मुस्कान ही मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को तीस हजारी स्थित दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के चिल्ड्रन होम फॉर ऑर्फनेज बॉयज में बच्चों के साथ दीपावली मनाते हुए कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ समय बिताया, उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं और उपहार प्रदान किए। उन्होंने बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत भी की और उनके जीवन, पढ़ाई, रुचियों और भविष्य के सपनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि हर बच्चे तक शिक्षा, सुरक्षा और स्नेह का वातावरण पहुंचे, ताकि वे आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी नागरिक बन सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह ईश्वर से प्रार्थना करती हैं कि सभी बच्चे जीवन में आगे बढ़ें, खुश रहें और सफलता प्राप्त करें।

### कई साल बाद पटाखे फोड़ने की मिली आजादी, आतिशबाजी कर बच्चों व बड़ों में खुशी की दिखी लहर



नई दिल्ली। प्रदूषण के नाम पर पटाखे फोड़ने पर करीब सात साल से लगे लंबे बैन से मिली आजादी के बाद छोटी दिवाली पर बच्चों व बड़ो में खुशी की लहर देखने को मिली। कोर्ट के आदेश पर मिली यह आजादी बेशक सुबह शाम तीन तीन घंटों के लिए ही सही लेकिन लोगों ने खुशी मनाते हुए पटाखे जलाए। लोगों ने कहा कि बड़ी दिवाली पर सोमवार को जमकर आतिशबाजी की जाएगी। लोगों का कहना है कि कोर्ट की पाबंदी के चलते पहले की तरह पसंदीदा पटाखे नहीं मिल रहे है लेकिन कई सालों बाद छूट मिली है इसलिए जो मिल रहे है उन्हीं से काम चलाया जा रहा है। हालांकि कोर्ट ने ग्रीन पटाखे ही जलाने की इजाजत दी है इसलिए बहुत ज्यादा तरीके के बम पटाखे बाजारों में देखने को नहीं मिले। कोर्ट से अंतिम समय में मिली छूट के चलते भी पटाखे बेचने वालों के पास सीमित संख्या व सीमित ब्रांड ही दिखे। लोगों ने कहा अगर दिल्ली मे भाजपा की सरकार नहीं आती तो शायद इस बार भी दिवाली पर आतिशबाजी पर बैन ही रहता। बता दें कि कोर्ट ने 18-21 अक्टूबर 2025 के लिए केवल ग्रीन पटाखे चलाने की इजाजत दी है। कोर्ट ने सुबह तीन घंटे और शाम को रात 8 बजे से 10 बजे तक आतिशबाजी करने की छूट दी है। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान वर्ष 2017 में प्रदूषण के नाम पर कोर्ट ने दिल्ली में आतिशबाजी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन इस बार सत्ता में आई भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखा और अंत में सुप्रीम कोर्ट ने कुछ प्रतिबंधों व कुछ दिनों के लिए आतिशबाजी करने की छूट दे दी। ऐसे में दिल्ली वालों को आतिशबाजी की आजादी मिलने से खुशी का माहौल बना हुआ है।





### उपराज्यपाल ने दिल्ली वालों को दी दिवाली की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने दीपो के महापर्व दिवाली पर दिल्ली वासियों को शुभकामनाएं दी। एलजी ने कहा की दीपो का यह उत्सव आप सब के लिए मंगलमय हो, शुभ हो। एलजी ने कहा कि मां लक्ष्मी की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे। आपके जीवन में स्वास्थ्य, सुख समृद्धि और सौभाग्य का आगमन हो। उन्होंने कहा कि सावधानी बरते, सुरक्षित तरीके से दिवाली का त्यौहार मनाए।

### महापौर सहित निगम नेताओं ने दीपावली की दी शुभकामनाएं

दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही सहित अन्य समितियों के अध्यक्षों ने दीपावली की शुभकामनाएं दी है। नेताओं ने कहा कि दीपावली पर लक्ष्मी मां की कृपा से आपके घर में सुख, शांति, समृद्धि का वास हो।

## मुख्यमंत्री और महापौर को गलत जानकारी दे रहा है निगम प्रशासन : यूनियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

'दिल्ली नगर निगम प्रशासन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह को गलत आंकड़ों की जानकारी दे रहा है और हमारी वास्तविक स्थिति छुपाई जा रही है। किसी ने सच्चाई नहीं जानी और निगम प्रशासन ने हमारी झूठी तस्वीर पेश की है'। निगम मुख्यालय सिविक सेंटर पर पिछले करीब 21 दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के एमटीएस कर्मियों ने अपने परिवार के साथ निगम प्रशासन पर रविवार को धरना स्थल पर प्रदर्शन करते हुए यह आरोप लगाए।

एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के महासचिव देवा नंद शर्मा ने बताया कि इस बार यूनियन के




बैनर तले प्रदर्शन कर रहे एमटीएस कर्मियों ने घोषणा की है कि इस बार वे निगम मुख्यालय के 'गेट नंबर 5 पर अपने परिवार के साथ काली दीपावली' मनाएंगे। उनका कहना है कि जब तक उनके साथ न्याय नहीं होगा, तब तक दीपावली उत्सव नहीं मनाया जाएगा। कर्मियों का कहना है कि 30 वर्षों की सेवा के बाद भी उन्हें न तो स्थायित्व मिला और न ही उनके अधिकारों का सम्मान। उनका कहना है कि महापौर या आयुक्त ने कभी कर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों को एक साथ बैठाकर सच्ची बातचीत करने की कभी कोशिश ही नहीं की।

## पूर्व सहजीवन साथी ने की गर्भवती महिला की चाकू घोंपकर हत्या

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के नबी करीम इलाके में एक गर्भवती महिला की उसके पूर्व सहजीवन साथी (लिवइन पार्टनर) ने कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी, जिसके बाद उसके पति ने हमलावर को पकड़ लिया और उसे मार डाला। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान आकाश की पत्नी शालिनी (22) और आशु उर्फ शैलेंद्र (34) के रूप में हुई है। शालिनी दो बच्चों की मां थी। पुलिस उपायुक्त (मध्य) निधिन वलसन ने एक बयान में कहा कि अपनी पत्नी को बचाते हुए 23 वर्षीय आकाश घायल हो गया। उन्होंने बताया कि आकाश पर चाकू से कई बार किए गए और उसका यहां एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह घटना शनिवार रात करीब सवा 10 बजे हुई जब आकाश और शालिनी कुतुब रोड पर उसकी (शालिनी की) मां शीला से मिलने जा रहे थे। आशु अचानक वहां पहुंचा और उसने आकाश पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि आकाश पहले वार से बच गया लेकिन आशु ने ई-रिक्शा में बैठी शालिनी की ओर मुड़कर उस पर कई बार चाकू से वार किए। डीसीपी ने कहा कि आकाश उसे बचाने दौड़ा लेकिन उसने उसे भी चाकू मार दिया गया। वह

### पति ने हमलावर को मार डाला

हालांकि, आशु पर काबू पाने में कामयाब रहा और उसका चाकू छीन लिया। इस बीच हाथापाई के दौरान आकाश ने उसे (आशु को) चाकू मार दिया। पुलिस ने बताया कि शालिनी का भाई रोहित और कुछ स्थानीय निवासी तीनों को अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने शालिनी और आशु को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि शालिनी अपनी मौत के समय गर्भवती थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना कुतुब रोड के पास एक व्यस्त इलाके में सरेआम हुई जिससे इलाके में दहशत फैल गई। शालिनी की मां के अनुसार कुछ साल पहले दंपति के बीच तनाव था और इस दौरान शालिनी आशु के साथ रहने लगी थी। डीसीपी ने बताया कि बाद में उसकी आकाश के साथ सुलह हो गई और वह अपने दोनों बच्चों सहित आकाश के साथ रहने लगी। पुलिस ने बताया कि इससे आशु क्रोधित हो गया और उसने शालिनी के अजन्मे बच्चे का पिता होने का भी दावा किया। उन्होंने कहा, "आशु का नाम नबी करीम थाने में अपराधी के रूप में दर्ज था और उसका पिछला आपराधिक रिकॉर्ड था। आकाश पर भी तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## 'नहीं हो पा रही जलनिकासी हरे-भरे पेड़ हो रहे ठूंठ'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली देहात के कई इलाकों में पर्यावरण संतुलन पर खतरा

दिल्ली में गत दिनों हुए जलभराव ने न केवल सड़कों और गलियों की हालत खराब कर दी है, बल्कि अब इसका असर सड़क किनारें और पार्कों में हरे-भरे पेड़ों पर भी दिखाई देने लगा है। कई इलाकों में लगातार पानी भरे रहने से पेड़ों की जड़ें सड़ रही हैं, जिससे दर्जनों पेड़ सूखकर ठूंठ में बदल गए हैं और बाकी बचे हुए भी ऐसे ही हो सकते हैं यदि समय रहते निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। दिल्ली देहात के नरेला-बवाना मार्ग, रानी खेड़ा नांगलोई मार्ग पर हरे भरे पेड़ों को ठूंठ होते आसानी से राह चलते देखा जा सकता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कई हफ्तों से पार्कों और सड़कों के किनारे जलभराव की स्थिति बनी हुई है।



पेड़ों की जड़ों में लगातार पानी जमा रहने से ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, जिससे पेड़ धीरे-धीरे दम तोड़ देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले जहां हरी छांव और ताजगी महसूस होती थी, अब वहां सूखे पेड़ और सड़ती पत्तियों का ढेर नजर आ रहा है। नरेला-बवाना मार्ग पर नर्सरी के पास जमा पानी को लेकर दिल्ली नगर निगम के अधिकारी मानते हैं कि जलनिकासी की व्यवस्था में सुधार की तत्काल जरूरत है।

## साइबर धोखाधड़ी मामले में लखनऊ के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 1.81 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी में संलिप्तता के आरोप में लखनऊ से 19 वर्षीय एक इन्फ्लुएंसर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि लखनऊ में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र हुकुम सिंह रावत उर्फ अनुज ने अपने ऑनलाइन करियर को आगे बढ़ाने के लिए अपना बैंक खाता एक अंतरराज्यीय साइबर अपराध गिरोह को कथित तौर पर बेच दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, "रावत के सोशल मीडिया पर लगभग एक लाख फॉलोअर्स हैं और वह एक प्रमुख इन्फ्लुएंसर बनने की ख्वाहिश रखता है। प्रसिद्धि पाने की चाह में, उसने प्रति लेनदेन पर चार से पांच प्रतिशत के कमीशन पर एक साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क को कई निजी बैंक खाते कथित तौर पर बेच दिए।" पुलिस के अनुसार, रावत एक साइबर धोखाधड़ी मामले की जांच के दौरान जांच के घेरे में आया। जालसाजों ने सोशल मीडिया पर सेना का अधिकारी बन दिल्ली के एक व्यक्ति से 1.81 लाख रुपये की ठगी की थी, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि पैसों के लेन-देन से रावत से जुड़े बैंक खातों का पता चला और विस्तृत जांच के बाद उसे 14 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने कहा, "पूछताछ के दौरान, आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अवैध आय का इस्तेमाल स्थानीय कलाकारों को नियुक्त करने और अपने सोशल मीडिया कंटेंट को बेहतर बनाने के लिए वीडियो निर्माण उपकरण खरीदने में किया था।" उन्होंने बताया कि रावत ने स्वीकार किया कि उसे पता था कि इन खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन काम के लिए किया जाएगा लेकिन उसने साइबर धोखाधड़ी से इनका संबंध होने के बारे में अनभिज्ञता जताई। पुलिस ने डिजिटल साक्ष्य जब्त कर लिए हैं और आरोपियों से जुड़े कई खातों में लेन-देन पर रोक लगवा दी है। पुलिस इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के लिए जांच में जुटी है।

### बढ़ रहा है प्रदूषण और बीमारी का खतरा

## 'रात के अंधेरे में कचरे में लगाई जाती आग'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दीपावली पर्व को लेकर भले ही दिल्ली सरकार और नगर निकायों ने प्रदूषण को लेकर अपनी कमर कसने का दावा किया है लेकिन इसके बावजूद भी राजधानी दिल्ली और देहात के कई इलाकों में रात के समय खुले में पड़े कचरे को जलाने का सिलसिला लगातार जारी है। कचरा जलाने से निकलने वाला धुआं न केवल हवा को जहरीला बना रहा है



बल्कि आसपास रहने वाले लोगों की सेहत पर भी गंभीर असर डाल रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि देर रात कुछ लोग सफाई के नाम पर सड़कों के किनारे पड़े सूखे पत्ते, प्लास्टिक और घरेलू कचरे में आग लगा देते हैं। रात के समय इतनी बदबू और धुआं होता है कि सांस लेना मुश्किल हो जाता है। वहीं, पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, प्लास्टिक और रबर जैसे कचरे को जलाने से अत्यंत हानिकारक रसायन निकलते हैं, जो फेफड़ों की बीमारियां, एलर्जी और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ाते हैं।

बता दें कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के नियमों के अनुसार खुले में कचरा जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है, लेकिन नियमों के बावजूद इसकी अनदेखी आम बात बन चुकी है। कई बार स्थानीय निकायों की लापरवाही के कारण कूड़ा समय पर नहीं उठाया जाता, जिससे लोग आग लगाकर कूड़े की आसानी से सफाई कर देते हैं। नरेला, बवाना औद्योगिक इलाकों और आजादपुर मंडी के आसपास के इलाकों में यह समस्या ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। नागरिकों ने मांग की है कि रात में गश्त बढ़ाई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।




## पहले से अधिक भव्य होगा छठ महापर्व : रेखा गुप्ता

# मुख्यमंत्री ने वासुदेव घाट पहुंचकर छठ महापर्व की तैयारियों का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार इस बार छठ पर्व को पहले से कहीं अधिक भव्य, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप में आयोजित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कश्मीरी गेट स्थित यमुना नदी के वासुदेव घाट पहुंचकर आगामी छठ महापर्व की तैयारियों का निरीक्षण के बाद कही। इस दौरान उन्होंने स्थल पर चल रहे सफाई, समतलीकरण, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ इस निरीक्षण में दिल्ली सरकार के विकास व पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना नदी का जल पहले से अधिक स्वच्छ और निर्मल हो गया है और झाग या अन्य प्रकार के प्रदूषण की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि घाटों की सफाई और समतलीकरण के लिए जेसीबी मशीनों द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### 'मंत्री, विधायक और अधिकारी तैयारियों की कर रहे निगरानी'

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के सभी विधायक, मंत्री और अधिकारी स्वयं मैदान में उतरकर तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार दिल्ली के पल्ला से लेकर कालिंदी कुंज तक सभी घाटों पर सफाई, समतलीकरण और स्वच्छता के कार्य युद्धस्तर पर कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह कहा कि इस बार का छठ पर्व दिल्लीवासियों के लिए विशेष और यादगार होगा। जिस तरह इस वर्ष की दीपावली अभूतपूर्व तरह से मनाई जा रही है, उसी प्रकार छठ महापर्व भी राजधानी में भव्यता और सुव्यवस्था का नया मानक स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली ने जिस प्रकार कांवड़ यात्रा, रामलीला, दुर्गा पूजा और दिवाली जैसे आयोजनों में एक नई पहचान बनाई है, उसी तरह इस बार छठ पर्व पर भी दिल्लीवासी 'बदली हुई दिल्ली' का अनुभव करेंगे। एक ऐसी दिल्ली जो श्रद्धा, संस्कृति और स्वच्छता का संगम बनेगी।

### सीएम ने सभी छठ घाटों पर पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी छठ घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता, जल व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण, प्रकाश व्यवस्था और चिकित्सा सहायता के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि हर श्रद्धालु को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण मिले, जिससे दिल्ली की छवि एक आदर्श धार्मिक और सांस्कृतिक राजधानी के रूप में और निखरे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि छठ केवल पूजा का पर्व नहीं, बल्कि अनुशासन, आस्था और सामूहिक सद्भाव का प्रतीक है। दिल्ली सरकार 'विरासत भी और विकास भी' के मंत्र के साथ प्रत्येक त्योहार को जन-सहभागिता और पारंपरिक गरिमा के साथ मना रही है।






## खबर संक्षेप

### देसी शराब व 6 पेटी बीयर की बरामद

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने अवैध शराब तस्करी में



एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 18 अक्टूबर को क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नूर आलम निवासी एसी नगर फरीदाबाद को काबू किया था। मौका से 18 पेटी देसी शराब व 6 पेटी बीयर बरामद हुई है। जिनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने आरोपी को काबू किया

**फरीदाबाद।** नाबालिक को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को काबू किया



है। तुगलकाबाद दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी बेटी फरीदाबाद में अपनी बुआ के घर रहती थी, 24 सितंबर को वह स्कूल के लिए गई थी, लेकिन वापिस नहीं आई। जिस शिकायत पर थाना सूरजकुंड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### गांजा के साथ एक आरोपी धराया

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने कार्रवाही करते हुए 410 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को



गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 18 अक्टूबर को टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए मोहित वासी पारसौली मथुरा को 410 ग्राम गांजा सहित काबू किया है। जिसके विरुद्ध थाना ओल्ड फरीदाबाद में एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। आरोपी मोहित 450 गांजा को दिल्ली से किसी अंजान व्यक्ति से 5000 रुपए में खरीद कर लाया था।

## आरोपी को तीन के रिमांड पर लिया

# युवक की पीट-पीटकर हत्या करने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

उद्योग विहार थाना एरिया में शराब पीने के दौरान हुए झगड़े में पीट-पीटकर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को आरोपी को अदालत में पेश करके तीन दिन के रिमांड पर लिया है। जानकारी अनुसार, बिहार के खगड़िया निवासी विकास कुमार (30 वर्ष) गुरुग्राम के उद्योग विहार के फेज-4 में गाड़ी चलाता था। शुक्रवार की रात को विकास कुमार अपने दोस्त अनिल कुमार की चाय की दुकान पर मौजूद था। अनिल कुमार की पत्नी उर्मिला उसकी मुंहबोली बहन थी।

इसी दौरान दुकान पर टीटू नाम का एक जानकार युवक वहां आया और विकास कुमार को शराब पीने के बारे में कहने लगा। इसी दौरान रुपयों को लेकर उन दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विकास कुमार ने टीटू को धक्का देकर वहां से जाने के लिए कहा दिया। इसके बाद टीटू चला गया। रात करीब 2.30 बजे टीटू अपने साले आकाश व अन्य दो युवकों को लेकर वापस आया। इसी दौरान उन्होंने झुग्गी के अंदर से विकास कुमार को बाहर बुलाकर उसके साथ झगड़ा करने लगा। उद्योग विहार फेज-4 में प्लॉट नंबर 239 के पास झगड़ा बढने के बाद टीटू व उसके साले आकाश सहित अन्य युवकों ने विकास कुमार पर लाठी-डंडो व ईंटों से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब घायल विकास को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले में मुख्य आरोपी यूपी के हाथरस निवासी टीटू (29 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस आरोपी के साले आकाश और उसके दोस्तों को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पूछताछ में सामने आया कि टीटू उद्योग विहार के फेज-4 में अपनी बहन के पास रहता है और एक निजी कंपनी में काम करता है। विकास कुमार के साथ झगड़ा हो गया था। इसी बात पर रंजिश रखते हुए रात करीब 2.30 बजे टीटू ने अपने साले आकाश व उसके दोस्तों के साथ मिलकर विकास कुमार पर लाठी-डंडों हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### जांच अधिकारी का कहना

जांच अधिकारी राजेश ने बताया कि मुख्य आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विकास कुमार के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

## लोगों को दी चेतावनी सड़कों पर वाहन खड़े न करें, किया जागरूक

# त्योहारी सीजन में फरीदाबाद की सड़कें पस्त वाहनों का बढ़ा दबाव, रेलवे पुलों पर जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



त्योहारी सीजन में शहर की सड़कों पर ट्रैफिक अभी से अपने पीक पर पहुंच गया है। आने वाले दिनों में खासकर वीकएंड में जाम और अधिक लगने की आशंका है। रेलवे पुलों को पार करना मुश्किल हो रहा है। तीन मिनट के सफर के लिए 15 से 20 मिनट लग रहे हैं।

शनिवार और रविवार को दिनभर ट्रैफिक व्यवस्था चरमराती दिखी और सभी प्रमुख सड़कों पर वाहनों का दबाव रहा। नीलम रेलवे पुल पर तो आम दिनों में भी वाहनों की लंबी लाइन दिखाई देती है। दीपावली के त्योहार को देखते हुए बाजारों में भीड़ ज्यादा दिखाई दे रही है। जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। बता दें नो व्हीकल व नो पार्किंग जोन में गाड़ियां खड़ी हो रही हैं। जिस वजह से यह स्थिति बन रही है। दरअसल इस समय अधिकतर लोग खरीदारी कर रहे हैं। मार्केट की ओर जाना बहुत अधिक हो रहा है। एक-दूसरे को देने के लिए लोग उपहार भी खरीद रहे हैं। इससे ऐसे रास्तों और पुलों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। सबसे अधिक बुरा हाल एनआइटी को हाईवे से जोड़ने वाले रेलवे पुलों का है।

### सड़क पर खड़े हो रहे वाहन

यातायात थाना प्रभारी अनोज कुमार ने बताया कि जाम का मुख्य कारण लोगों का सड़कों पर वाहन खड़े करना है। लोग खरीदारी के लिए दुकान के सामने सड़क पर ही अपने वाहन खड़े कर देते हैं। इससे सड़क संकरी हो जाती है। कई बार लोगों को चेतावनी दी गई व जागरूक भी किया गया है लेकिन लोग नहीं मानते। पुलिस ऐसे वाहनों के चालान भी कर रही है।

## सभी आरोपियों को जेल भेजा

# होटल में झगड़ा करने पर पांच विदेशी सहित सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सदर थाना एरिया में बिना सी फार्म भरे होटल में नाईजीरियन ठहराने व झगड़ा करने पर पुलिस ने पांच विदेशी सहित होटल मालिक व मैनेजर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक महिला विदेशी नागरिक भी शामिल है। विदेशी नागरिकों को कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

दरअसल, सदर थाना पुलिस को शनिवार की रात सूचना मिली कि एक होटल में विदेशी नागरिकों द्वारा लड़ाई-झगड़ा किया जा रहा है। जिसके बाद सदर थाना पुलिस गिल कम्फर्ट इन होटल सेक्टर-38 पहुंची। पुलिस ने होटल से विदेशी मूल के कुछ नागरिकों को भागते देखा तो तुरंत एक महिला समेत पांच लोगों को काबू कर लिया। जिनकी पहचान केनविन, इकेचुकवु दोनों निवासी लागोस नाइजीरिया, डुलुचुकवु निवासी डेल्टा नाइजीरिया, ओटुनबा उर्फ जीबीएनबीए निवासी एडो नाइजीरिया व बेला फोसुआ निवासी नाइजीरिया के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा काबू किए गए सभी विदेशी नागरिकों से उनके वीजा, पासपोर्ट व दस्तावेज मांगे तो कोई भी विदेशी नागरिक ने कोई भी दस्तावेज पुलिस को नही दिखा सके। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए होटल मालिक विक्टर सिंह निवासी मान कालोनी जिला भिवानी व होटल मैनेजर रिंकू सिंह सैलानी जिला हापुड़ को विदेशी नागरिकों के बारे में पूछताछ की तो होटल मालिक व मैनेजर द्वारा विदेशी नागरिकों का ना तो सी-फॉर्म भरा गया था ना ही पुलिस को इनके सम्बन्ध में कोई सूचना दी गई। जिस पर पुलिस होटल मैनेजर व मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने होटल मालिक व मैनेजर को जांच में शामिल करते हुए जमानत पर छोड़ दिया। जबकि सभी विदेशी नागरिकों को कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# ट्रिपल आर मुहिम के अंतर्गत नगर निगम टीम ने स्लम एरिया में मनाई दीपावली

## बच्चों को बांटी गई चॉकलेट और मिठाई-ट्रिपल आर सेंटर में आई हुई वस्तुओं को जरूरतमंदों को किया वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम द्वारा रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल अभियान के अंतर्गत स्लम एरिया में जाकर बच्चों के साथ दिवाली मनाई गई।

जिसमें ट्रिपल आर सेंटर पर आई हुई वस्तुओं को जरूरतमंदों को वितरित किया गया। विवेकानंद नगर, वसुंधरा मैक्स हॉस्पिटल के पास, पता वैशाली में ट्रिपल आर मुहिम के अंतर्गत स्लम एरिया में जाकर मिठाई तथा चॉकलेट वितरित की गई साथ ही सर्दी की शुरुआत को देखते हुए ट्रिपल आर सेंटर पर आए हुए गर्म कपड़े भी वितरित किए गए



लगभग 50 से अधिक बच्चों को जूते और गर्म कपड़े वितरित किए गए । नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व स्वास्थ्य विभाग टीम तथा एसबीएम टीम ने स्वच्छ दीपावली का संदेश देते हुए बच्चों को साफ सफाई से रहने के लिए उत्साहित किया गया, ट्रिपल आर सेंटर वैशाली में सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से एकत्र हुई किताब, कपड़ों, बर्तन व अन्य वस्तुओं को सुधार करते हुए स्लम एरिया में ले जाकर वितरित किया गया जिस पर वहां के निवासियों ने तथा बच्चों ने खुशियां मनाएं उनको स्वच्छ दीपावली की प्रति जागरुक करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी गई।

# क्लब के बाउंसर्स व कर्मी से मारपीट करने के मामले में एक आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-65 थाना एरिया में क्लब के बाउंसरों व कर्मचारी के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दरअसल, 31 अगस्त को सेक्टर-65 थाना की पुलिस को लड़ाई झगड़े में एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और घायल के बयान को लेकर डॉक्टरों ने अनफिट लिख दिया था। इसके बाद 1 सितंबर को पुलिस ने पीड़ित का बयान लिया, जिसमें घायल ने बताया कि वह डोनजोन ब्योंब क्लब सेक्टर-60 में कैशियर की नौकरी करता है। 31 अगस्त 2025 की रात करीब एक बजे तीन लडक़े आए और उन्होंने कहा कि उन्हें क्लब के अंदर जाना है तो इसने कहा कि क्लब के अंदर अभी स्टैग एंट्री अलाउड नहीं है। इसके बाद उन्होंने कहा कि हम लोकल कादरपुर के रहने वाले हैं और हमारा यहां सब कुछ अलाउड है।

# पत्नी का हत्यारोपी पति अरेस्ट, दूसरी मंजिल से गिरकर हुई थी विवाहिता की मौत

## *सास-ससुर पहले ही पकड़े जा चुके*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर-58 थाना क्षेत्र के बैरागी चौक समयपुर में दूसरी मंजिल से गिरकर हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला दहेज उत्पीडऩ और हत्या से जुड़ा हुआ है।

थाना सेक्टर-58 के एडिशनल एसएचओ हरीश कुमार ने बताया कि 10 अक्टूबर को समयपुर निवासी गीता देवी ने पुलिस को शिकायत दी थी। बताया था कि उसकी 21 वर्षीय बेटी लक्ष्मी की शादी करीब एक साल पहले लोकेश से हुई थी। शादी के बाद से ही लक्ष्मी को उसका पति लोकेश, ससुर हेतराम और सौतेली सास गुड्डू देवी लगातार दहेज के लिए परेशान करते थे और उससे मारपीट करते थे।

गीता देवी के अनुसार 8 अक्टूबर की रात को तीनों ने लक्ष्मी के साथ बुरी तरह मारपीट की। उस समय वह सात महीने की गर्भवती थी। मारपीट के दौरान लक्ष्मी को धक्का दिया गया, जिससे वह दूसरी मंजिल से नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार के लोग उसे तुरंत एक सिविल अस्पताल ले गए, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन इलाज के दौरान 9 अक्टूबर की रात उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई और शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों के बयान दर्ज किए। गीता देवी की शिकायत पर पुलिस ने पति, ससुर और सौतेली सास के खिलाफ दहेज हत्या और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहले ससुर हेतराम और सौतेली सास गुड्डु देवी को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि आरोपी पति लोकेश फरार चल रहा था। वह 9 अक्टूबर से गायब था। वह राहगीरों से मोबाइल लेकर अपने नजदीकी परिजनों से संपर्क करता था, जिससे पुलिस को उसकी लोकेशन ट्रेस करने में दिक्कत हो रही थी।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि लोकेश सीकरी गांव के पास छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने देर शाम उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद लोकेश को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

# *वकील के बेटे से चैन स्नैचिंग, दो बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम*

**फरीदाबाद।** सारन थाना क्षेत्र में रहने वाले एडवोकेट के बेटे से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन छीन ली और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वकील की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सारन थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जवाहर कालोनी एयर फोर्स रोड पर रहने वाले रामाधर ने पुलिस को दी है। जिसमें उसने बताया बेटा अपने घर के पास ही खड़ा था। तभी दूर बाइक खड़ी करके दो युवक आए और उससे पलवल का पता पूछने लगे। इसी दौरान बदमाशों ने बेटे को कुछ नशीला पदार्थ सुंघा दिया जिससे वह अचेत हो गया। जिसके बाद बदमाश उसके गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि अचेत करने से पहले बदमाशों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

जिसे सुन कर बेटा इतना डर गया की कोई विरोध नहीं कर पाया। उन्होंने बताया कि बेटा इतना डरा हुआ था कि उसे डर की वजह से बुखार आ गया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि सारन थाना पुलिस ने पिता वकील की शिकायत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आस-पास के लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांच रही है।

## दूसरे की जमीन को अपना बताया मामला दर्ज

# प्रापर्टी डीलर से हड़पे 12 लाख, प्लॉट देने के नाम की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नंगला एंक्लेव पार्ट वन में डीलर को प्लॉट देने के नाम पर करीब साढ़े 12 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। पर्वतीय कॉलोनी पुलिस चौकी ने डीलर की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पर्वतीय कॉलोनी पुलिस चौकी को नंगला एंक्लेव पार्ट निवासी हेमंत सिंह ने बताया है कि वह पिछले कई सालों से प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है।

■ 12 लाख 50 हजार रुपए हड़पे

उन्होंने गाजीपुर रोड निवासी साहब सिंह से पर्वतीय कॉलोनी स्थित एक करीब 110 वर्ग गज प्लॉट का एग्रीमेंट किया था। उनका आरोप है कि आरोपी ने धोखाधड़ी करके जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार करके उनसे बयाना और आधी रकम करीब 12 लाख 50 हजार रुपए हड़प लिए। उन्होंने बताया कि साहब सिंह 1 फरवरी 2023 को प्लाट को खरीदने के लिए सौदा किया था। कुल सौदा 25 लाख रुपए में तय हुआ था। करीब ढाई लाख रूपए बतौर बयाना दिया था। रजिस्ट्री की तारीख 1 फरवरी 2025 को तय की गई थी। उनका कहना है कि साहब सिंह ने 21 दिसंबर 2024 को 10 लाख रुपए अपनी पत्नी की बीमारी का हवाला देकर मांगे थे। उन्हें 10 लाख रुपए कैनरा बैंक के अपने खाता से निकालकर दे दिए और रसीद प्राप्त कर ली।

डीलर ने बताया कि आरोपी ने को जब फोन किया गया तो कॉल नहीं उठाया। शक होने पर जब उक्त प्लाट की जांच पड़ताल की तो पता लगा कि यह प्लाट साहब सिंह के नाम पर है ही नहीं। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी आश मोहम्मद का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जो तथ्य सामने आएगा उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### बैंक कर्मी बनकर युवक को लगाई तीन लाख की चपत

गुरुग्राम। साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाज ने बैंक कर्मी बनकर एक युवक को तीन लाख रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के बूंदी निवासी पुरुषोत्तम मीणा ने बताया कि वह मानेसर क्षेत्र में एनबीआरसी में काम करता है। 08 अक्तूबर को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताया और लोन दिलाने को लेकर बातचीत करने लगा। इसके बाद पुरुषोत्तम ने कॉल काट दी। इसके कुछ देर बाद ही जब पुरुषोत्तम मीणा ने केंद्रीय विद्यालय में अपने बेटे की 2,700 रुपये फीस का ऑनलाइन भुगतान किया तो उनका मोबाइल हैंग हो गया।

## परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़े, एसीपी ने धरनास्थल पहुंचकर समझाने का प्रयास किया

### कांग्रेसी पूर्व पार्षद डागर ने प्रशासन व सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाए

# प्रॉपर्टी डीलर आत्महत्या मामले में गिरफ्तारी न होने पर परिजनों ने थाने के समक्ष दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रापर्टी डीलर राजकुमार चौधरी द्वारा पार्टनरों की यातनाओं से तंग आकर की गई आत्महत्या मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से गुस्साए मृतक के परिजनों ने रविवार को सेक्टर-58 पुलिस थाने के समक्ष धरना शुरु कर दिया। धरने पर पहुंचे पूर्व पार्षद एवं कांग्रेसी नेता जगन डागर ने प्रशासन व सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि इस सरकार में आम गरीब की कोई सुनवाई नहीं है, जबकि ठगों का बोलबाला है, जो लोगों के खून-पसीने की कमाई को हड़पने में लगे हुए है।

डागर ने कहा कि एक सज्जन आदमी को एक ठग ने न केवल लूट लिया बल्कि इतना



विवश कर दिया कि वह आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर हो गया और हैरानी की बात तो यह है कि गनमैन होने के बावजूद वह एकाएक गायब हो गया, पता नहीं उसे जमीन निगल गई या आसमान। उन्होंने कहा कि इस सरकार में जब आईपीएस अधिकारी व एएसआई जैसे लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे है तो इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार पर अफसरशाही किस कद्र हावी है। उन्होंने कहा कि आरोपी ने न केवल मृतक राजकुमार चौधरी का रुपया हड़पा बल्कि अनेकों लोगों की भी खून पसीने की कमाई डकारी है, लेकिन प्रशासन कार्रवाई करने की बजाए पंगु बना हुआ है। जगन डागर ने कहा कि राजकुमार चौधरी को न्याय दिलाने के लिए वह पूरी तरह से उनके साथ है और कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर उनके लिए आवाज उठाएगी। मृतक राजकुमार चौधरी के बेटे आदित्य चौधरी ने बताया कि जब तक सुसाइट नोट में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक वह अपने पिता के शव का न पोस्टमार्टम करवाएंगे और न ही दाह संस्कार करेंगे। एसीपी धरना स्थल पर पहुंचे ने धरने पर बैठे लोगों को समझाने का प्रयास किया।


## गैस सिलेंडर लीक होने के चलते हुआ हादसा

# सेक्टर-15 मार्केट के रेस्टोरेंट में आग फायर ब्रिगेड ने समय रहते काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर-15 मार्केट में शनिवार देर रात द ओल्ड दिल्ली नामक रेस्टोरेंट के किचन में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि किचन में रखे गैस सिलेंडर से गैस लीक होने की वजह से यह हादसा हुआ। आग लगते ही रेस्टोरेंट के अंदर अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी तुरंत बाहर भागे।

मौके पर मौजूद ग्राहकों को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मार्केट एसोसिएशन के प्रधान आलोक कुमार और नीरज कुमार के अनुसार आग लगते ही रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने सबसे पहले किचन के बाहर रखे सिलेंडरों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया ताकि किसी बड़े विस्फोट की आशंका न रहे। इसके बाद उन्होंने अंदर रखे कीमती सामान और रेस्टोरेंट के उपकरणों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। इस दौरान तीन ग्राहक भी मौजूद थे जो सुरक्षित बाहर निकल आए। आग के कारण करीब 15 प्रतिशत सामान जलकर खाक हो गया जबकि बाकी सामान को कर्मचारियों ने और फायर ब्रिगेड की टीम ने मिलकर बचा लिया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़िया पांच मिनट में मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रेस्टोरेंट के अंदर धुआं भर जाने के बावजूद किसी को चोट नहीं आई। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने तेजी से कार्रवाई की, कर्मचारियों को आग बुझाने के लिए कई घंटे कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।


सभी देशवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
"रोशनी का पवित्र पर्व दीवाली हमें याद दिलाता है कि प्रकाश हमेशा अंधकार पर विजय प्राप्त करता है और अच्छाई हमेशा बुराई पर जीत हासिल करती है। आइए, हम सभी अपने दिलों और घरों में प्रेम, भाईचारे और खुशहाली के दीप जलाएँ। दीवाली की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ।"
भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब
स. भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब
सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# युवाओं ने देशभर में अपने परिश्रम और ईमानदारी से राज्य का नाम रोशन किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

दीपावली पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से रविवार को चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर देश की विभिन्न सेवाओं में कार्यरत हरियाणा मूल के युवा अधिकारियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार भेंट की है। अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने मुख्यमंत्री को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और राज्य के सतत विकास एवं सुशासन की दिशा में उनके नेतृत्व की सराहना की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी को दीपावली की मंगल कामना देते हुए कहा कि यह पर्व प्रकाश, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने उपस्थित युवाओं से देश और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के युवाओं ने देशभर में अपने परिश्रम और ईमानदारी से राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में पारदर्शिता, समर्पण और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी। बैठक के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में राज्य और राष्ट्र के विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई।



## ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासन को पारदर्शी जवाबदेह और सर्व सुलभ बनाया : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 का संकल्प देश के युवाओं के समक्ष रखा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आप सभी युवा अधिकारी जिस भी क्षेत्र में कार्यरत हैं, राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत को अपनाकर इस संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने पिछले 11 वर्षों में हरियाणा की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य ने विकास और सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासन को पारदर्शी, जवाबदेह और सुलभ बनाया गया है। इसके साथ ही बिना पर्ची, बिना खर्ची की नीति के तहत युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां देकर उनके सपनों को साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं। इस मुलाकात ने युवा अधिकारियों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया, जिससे वे हरियाणा और देश की प्रगति में और अधिक योगदान देने के लिए प्रेरित हुए।

## खबर संक्षेप

### आकाश ने मायावती के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**लखनऊ।** यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा सुप्रीमो मायावती ने सत्ता में कमबैक के लिए रविवार को एक



हफ्ते में दूसरी बड़ी बैठक की। इस दौरान उनके भतीजे और पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद भी मौजूद रहे। इस दौरान मीटिंग शुरू होने से पहले आकाश आनंद ने अपनी बुआ के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### वोटर्स के लिए कारगर होगा सी-विजिल एप


**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में सी-विजिल एप मतदाताओं के लिए हथियार साबित होगा। इस एप



के माध्यम से चुनाव के दौरान धनबल और शराब समेत नकदी वितरण पर भी नियंत्रण करना आसान होगा। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद आयोग की ओर से कराए गए केएपी सर्वे रिपोर्ट चिंताजनक थी। सर्वे में पता चला था कि बड़ी संख्या में मतदाताओं को कोई जानकारी ही नहीं थी।

### होटल मालिक के सीने पर मार दी गोली

**रांची।** यहां मर्डर का मामला सामने आया है। एक होटल मालिक की इसलिए हत्या कर दी गई क्योंकि



उसने कस्टमर को वेज की जगह नॉनवेज बिरयानी दे दिया। हमलावर उनके सीने में गोली मार दी। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि मालिक ने उसने एक शाकाहारी ग्राहक को कथित तौर पर मांसाहारी बिरयानी दे दी थी।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा-

# 5 सौ सालों का सनातन संघर्ष, जहां रामभक्तों पर गोलियां चलीं वहां हमने दीप जलाए

एनएसयूआई ने एनआरआई कोटे में घोटाले का लगाया था आरोप

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम के राज्याभिषेक समारोह के लिए राज दरबार की थीम पर रामकथा पार्क सज-धजकर तैयार है। 90 फीट चौड़े मंच पर शाम को राम दरबार सजा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर संतो को दीवाली का उपहार भी दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब दुनिया भर के सनातन धर्मावलंबी अयोध्या आ रहे हैं। भारत के अलग-अलग कोनों से लोग रामलला का दर्शन करने आ रहे हैं। आज अयोध्या में विकास हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया। हम नहीं भूल सकते हैं कि कांग्रेस ने कहा था कि राम तो हैं ही नहीं। राम तो मिथक हैं। उन्होंने सपा पर हमला करते हुए कहा कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान समाजवादी पार्टी के लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। उन्होंने गोली चलवाई थी हम दीप जला रहे हैं। उन्होंने ताले लगवाए थे हम आस्था को आजाद कर रहे हैं।

उन्होंने ताले लगवाए थे हम आस्था को आजाद कर रहे

35 हजार छात्र दीपकों में तेल व बाती डालने का काम किए



### सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'हर दीया हमें याद दिलाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता। सत्य की जीत ही नियति है और इसी जीत की नियति के साथ सनातन धर्म ने 500 सालों तक लगातार संघर्ष किया है। उन्हीं संघर्षों के परिणामस्वरूप अयोध्या में एक भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण हुआ है।'

### सीएम योगी ने रामलला के दरबार में जलाया दीप

इस बार नगर में त्रेतायुग की तरह ही प्रभु श्रीराम का स्वागत किया गया व सीएम योगी ने उनका राजतिलक किया। योगी ने अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर रामलला के दरबार में दीप प्रज्ज्वलित किया, फिर सरयू की महाआरती में शामिल हुए। दीप प्रज्ज्वलन होने के बाद ही राम की नगरी 29 लाख दीयों से दमक उठी।

### सीएम योगी ने खींचा राम का रथ

दिवाली की पूर्व संध्या पर माया जाने वाला दीपोत्सव इस बार और भव्य नजर जाएगा। अयोध्या में आयोजित नौंवे दीपोत्सव में शामिल होने के लिए सीएम योगी समेत कई मंत्री भी अयोध्या पहुंच चुके हैं। हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद सीएम योगी सीधे रामकथा पार्क पर बने मंच पर पहुंचे। इसके बाद सीएम योगी ने श्रीराम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक किया और आरती उतारी। साथ में मंत्री जयवीर सिंह, राकेश सचान और सूर्य प्रताप ने भगवान के स्वरूपों की आरती उतारी। सीएम योगी ने इस दौरान श्रीराम का रथ भी खींचा। हेलीकॉप्टर से आए श्रीराम को रथ पर बिठाकर सीएम योगी और उनकी टीम राज दरबार ले गए।

## गाड़ी पर पुलिस का लोगो व नीली-लाल बत्ती

# महुआ में तेज प्रताप यादव पर दर्ज की गई एफआईआर





एजेंसी ▶▶ हाजीपुर

जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह महुआ विधानसभा के प्रत्याशी तेज प्रताप यादव पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में अंचलाधिकारी महुआ ने महुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। तेज प्रताप यादव की नामांकन के दौरान एक बोलेरो गाड़ी पर पुलिस का लोगो और नीला एवं लाल रंग का लाइट लगा हुआ, जो रैली के आगे एस्कॉर्ट करते हुए दिखाई दिया। चुनाव के दौरान पुलिस गाड़ी से एस्कॉर्ट किया जाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया गया है। वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने के बाद पुलिस प्रशासन के द्वारा संज्ञान लेते हुए महुआ थाने में तेज प्रताप के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

यह जानकारी एसपी ललित मोहन शर्मा ने दी। बताया कि तेज प्रताप यादव के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में महुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। महुआ अंचलाधिकारी मनी कुमार वर्मा ने महुआ थाने में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि तेज प्रताप यादव बिहार विधानसभा चुनाव में 126 महुआ विधान सभा क्षेत्र से प्रत्याशी है।

# दिवाली पर सीधे आने वाली उड़ानें रहीं फुल, महंगी कनेक्टिंग फ्लाइटों से लखनऊ पहुंचे यात्री

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

ट्रेनों में सीट नहीं मिलने पर यात्रियों ने विमानों से सफर किया। लेकिन मुंबई से लखनऊ आने वाले मुसाफिरों को डायरेक्ट उड़ानें नहीं मिलीं। सभी उड़ानें फुल हो गईं।

ऐसे में उन्हें कनेक्टिंग उड़ानों के सहारे लखनऊ पहुंचना पड़ा। दीपावली पर लखनऊ आने वालों को ट्रेनों से मायूसी हाथ लगी। यात्रियों ने विमानों का सहारा लिया लेकिन रविवार को मुंबई से आने वाली डायरेक्ट उड़ानें फुल हो गईं। यात्रियों को महंगी कनेक्टिंग फ्लाइटों के सहारे लखनऊ तक पहुंचना पड़ा। वहीं सोमवार को दिल्ली, मुंबई से आने वाली उड़ानें सस्ती हैं। दीपों का पर्व सोमवार को मनाया जाएगा। ऐसे में दिल्ली व मुंबई में रहने वालों के लखनऊ आने का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। ट्रेनों में सीट नहीं मिलने पर यात्रियों ने विमानों से सफर किया। लेकिन मुंबई से लखनऊ आने वाले मुसाफिरों को डायरेक्ट उड़ानें नहीं मिलीं। सभी उड़ानें फुल हो गईं। ऐसे में उन्हें कनेक्टिंग उड़ानों के सहारे लखनऊ पहुंचना पड़ा। यह फ्लाइटें उन्हें काफी महंगी पड़ीं।

## पेज एक का शेष

### अयोध्या पधारे 'प्रभु....

आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है। दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। बड़ी संख्या में लोग यहां मौजूद रहे। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य आतिशबाजी और ड्रोन शो हुआ।

**75 लोगों की टीम ने की दीयों की गणना :** गिनीज बुक की 75 सदस्यीय गणना टीम ने शनिवार को सरयू के 56 घाटों के दीये की गणना विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वॉलंटियर की मौजूदगी में की। दीये जलाने से पहले घाट पर तेल न गिरे, इसका विशेष ध्यान रखा गया। दीये में तेल डालने के बाद बाती के आगे वाले भाग पर कपूर का पाउडर लगाया जाएगा। इससे स्वयंसेवकों को दीये प्रज्ज्वलित करने में आसानी हुई। हर घाट पर दीयों को प्रज्ज्वलित करने के लिए कैंडल, माचिस, डंडे लगे कैंडल और अन्य सामग्री घाट के अनुसार निर्धारित दीयों की संख्या के अनुपात में एक ही बार में समन्वयकों को बांट दी गई थी। दीयों को प्रज्ज्वलित करने वाले स्वयंसेवक व समन्वयक सूती कपड़ों में ही घाटों पर मौजूद रहे।

### 10 हजार जवानों....

सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली है। दीपोत्सव के लिए अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था 18 जोन और 42 सेक्टर में बांटी गई थी। जिले के अलावा लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, वाराणसी जोन के पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। उधर, बीडीडीएस, एएस चेक टीम विभिन्न आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के साथ इनपुट तलाशती रही। एंटी माइंस, बैगेज स्कैनर, सर्च लाइट आदि के साथ सर्च अभियान के तहत टीमें सक्रिय रहीं।

### हमारे पूर्वजों ने...

साझा करने की क्षमता भूल गए। उन्होंने कहा कि हम सद्भावना और एकता का संदेश लेकर गए। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज मेक्सिको से साइबेरिया तक गए और दुनिया को विज्ञान व संस्कृति सिखाई। उन्होंने न किसी का धर्मांतरण किया और न ही किसी पर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि हम अपनी ताकत ही भूल गए और यह भी भूल गए कि हम दुनिया के साथ क्या साझा कर सकते हैं। डॉ. भागवत ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान अभी भी फल-फूल रहा है और आर्यव्रत के वंशज होने के नाते हमारे पास विज्ञान, हथियार, शक्ति, सामर्थ्य, विश्वास और ज्ञान है।

### मन और बुद्धि ....

प्रणाली को हुआ नुकसान भारतीय भाषाओं और पारंपरिक ज्ञान को दरकिनार किया गया। इससे पीढ़ियां अपनी जड़ों और संस्कृति से कट गईं। अंग्रेजी पर जोर देने से केवल धनाढ्य वर्ग को फायदा हुआ। गरीब और ग्रामीण बच्चे शिक्षा से वंचित रह गए। इससे समाज में असमानता बढ़ी। रचनात्मकता और गहराई के बजाए रटने और नौकरी केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा मिला। डॉ. भागवत ने कहा कि हमारी शिक्षा भारतीय पद्धति से नहीं हुई। हमें मैकाले ज्ञान से पद्धति से शिक्षा मिली है। इसी वजह से हम भारतीय हैं, लेकिन मन और बुद्धि से हम विदेशी बन गए। अब हमें उस विदेशी प्रभाव से खुद को पूरी तरह मुक्त करना होगा। इसके बाद ही हम अपने ज्ञान और परंपरा तक पहुंच पाएंगे और उसे करीब से जान पाएंगे।

### पहली बार दर्ज ...

अवलोकनों से पता चला है कि जब सूर्य का यह विशाल तूफान चंद्रमा से टकराया, तो चंद्रमा के दिन के समय के बाह्यमंडल का कुल दबाव अचानक बढ़ गया। इसरो के मुताबिक चेस-2 ने रिकॉर्ड किया कि वातावरण में परमाणुओं और अणुओं का घनत्व दस गुना से भी अधिक बढ़ गया था। चंद्रयान-2 पहला मिशन है जिसने इसे वास्तव में होते हुए देखा है। यह घटना 10 मई 2024 को हुई जब सूर्य ने सीएमई की एक शृंखला अंतरिक्ष में फेंकी। चूंकि चंद्रमा के पास पृथ्वी की तरह कोई सुरक्षात्मक चुंबकीय क्षेत्र या सघन वायुमंडल नहीं है, इसलिए सीएमई के आवेशित कण सीधे चंद्रमा की सतह पर टकराए। इन कणों की टक्कर से चंद्रमा की सतह से बड़ी संख्या में परमाणु और अणु उछलकर बाह्यमंडल में मुक्त हो गए, जिससे वातावरण अचानक फूल गया।

**यह भविष्य के चंद्र आवासों के लिए चेतावनी :** इसरो ने कहा कि इस अवलोकन से चंद्रमा के अत्यंत पतले वायुमंडल (लूनर एक्सोस्फीयर) की बेहतर समझ और अंतरिक्षीय मौसम के चंद्र सतह पर प्रभाव का अध्ययन संभव हो सकेगा। चंद्रयान-2 मिशन को 22 जुलाई 2019 को श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एमके3-एम1 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया था। यह मिशन आठ वैज्ञानिक उपकरणों के साथ गया था और 20 अगस्त 2019 को यह सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया था। हालांकि 7 सितंबर 2019 को विक्रम लैंडर से संपर्क टूट गया था। लेकिन ऑर्बिटर निरंतर वैज्ञानिक डेटा भेज रहा है। इसरो ने यह भी कहा कि यह खोज वैज्ञानिक दृष्टिकोण से चंद्रमा और अंतरिक्ष मौसम की समझ को आगे बढ़ाने के साथ-साथ भविष्य में चंद्रमा पर बनने वाले बेस (चंद्र आवासों) के लिए भी चेतावनी है।

### भारत ने बनाया...

किरण है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस एंटीबायोटिक को पूरी तरह से भारत में ही सोचा गया, विकसित किया गया और क्लिनिकल तौर पर परखा गया है। यह भारत को दवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि नैफिथ्रोमाइसिन उन श्वसन संक्रमणों से लड़ने में सक्षम है, जिनके खिलाफ मौजूदा एंटीबायोटिक्स अब काम नहीं कर रही हैं। यह उन मरीजों के लिए बहुत मददगार साबित होगा जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है। इनमें कैंसर के मरीज या अनियंत्रित डायबिटीज से पीड़ित लोग शामिल हैं। इस एंटीबायोटिक का विकास भारत के फार्मास्युटिकल क्षेत्र को और मजबूत करेगा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा।

### भारत ने 10,000 से...

बताया कि जीन थेरेपी (जीन के इलाज) के एक ट्रायल में 60-70% तक सुधार देखा गया और खून बहने जैसी कोई समस्या नहीं हुई। यह भारत के मेडिकल रिसर्च के लिए एक बहुत बड़ी सफलता है। इस एंटीबायोटिक से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दुनिया के प्रतिष्ठित न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसीन में छपी है। यह दिखाता है कि भारत बायोमेडिकल इनोवेशन (जैविक नवाचार) में कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है और नेतृत्व कर रहा है।

## भाजपा पर अखिलेश का हमला

# जुबान से स्वदेशी, मन से विदेशी, इनकी सत्ता में दीया नहीं खरीद पा रहे लोग

एजेंसी ▶▶ इटावा



दीपावली के त्यौहार पर अपने पैतृक गांव सैफई पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जुबान से स्वदेशी हैं, लेकिन मन से विदेशी हैं।

- बिहार सांप्रदायिकता को स्वीकार नहीं करता

अखिलेश यादव ने दीपावली की मौजूदा स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि पहले लोग सोना-चांदी के उपहार देते थे, लेकिन अब एक सिक्का खरीदना भी मुश्किल हो गया है। लोग दीया जलाने में लगे हैं, लेकिन दीया खरीदने की हैसियत नहीं रखते। उन्होंने निवेश और विदेशी कंपनियों को लेकर कहा कि विदेशी निवेशकों को यह पता चल गया है कि उत्तर प्रदेश में निवेश पर पांच प्रतिशत कमीशन लगता है, इसलिए निवेशक प्रदेश से दूर हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री दिया जलाने में लगे हैं, जबकि उन्हें दक्षिण भारत से सीखना चाहिए कि वहां विदेशी कंपनियां निवेश कैसे कर रही हैं। बिहार चुनाव पर कहा कि बिहार सांप्रदायिक लोगों को स्वीकार नहीं करता। स्टार प्रचारक को बिहार स्वीकार नहीं करेगा।

# अरुणाभा वेलफेयर सोसाइटी ने किया दिवाली खुशियों वाली का आयोजन



**फरीदाबाद।** अरुणाभा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नन्हें परिंदों को उनके हिस्से का आसमान देने की कोशिश में उनके हुनर को तराश कर उनके सपनों को साकार करने के लिए भोली सी मुस्कान कैंपेन दिल से दिवाली खुशियों वाली का आयोजन जीनिस पब्लिक स्कूल, सेक्टर- 31 , फरीदाबाद में किया गया। यह आयोजन संस्था के संरक्षक श्री अरूण कुमार प्रभात के जन्मदिवस के अवसर पर किया गया। दीवाली उत्सव में वंचित और असहाय तबकों के बच्चों और महिलाओं द्वारा हस्त निर्मित कैंडल , दिया , चाकलेट, बंदनवार , लड़ियां , झूमर , पेपर ज्वेलरी , बिट्स ज्वेलरी , मेक्रम डोरी आर्ट्स आदि का प्रदर्शन किया गया। यह स्टॉल नन्हे बच्चों की हुनर और हौसलों का स्टाल था जो अभी संस्था की संस्थापिका प्रणीता जी की देख रेख में पुष्पित - पल्लवित हो रहे हैं। इस स्टाल में दिवाली से जुड़ी चीजें ही नहीं बल्कि कई नन्हें सपने हैं , जो बड़ा आकार लेना चाहते हैं। वेलफेयर के कैंपेन की सफलता बच्चों के आंखों की चमक और होठों की मुस्कान में देखी जा सकती है। उत्सव में आने वाले अतिथियों और खरीदारों ने बच्चों की हुनर को खूब सराहा और उनका हौसला बढाया। बच्चों की भोली सी मुस्कान में कार्यक्रम की सार्थकता दिख रही थी। उत्सव में पर्यावरण संरक्षण का इन बच्चों ने बेहतर संदेश दिया है क्योंकि बेकार सामानों को फेंकने के बजाय उससे घरों को सजाने का सामान तैयार किया गया।

# फतेहपुर के पटाखा बाजार में आग, धमाकों से गूंजा इलाका

## 80 से अधिक दुकानें खाक, दमकल ने पाया काबू



एजेंसी ▶▶ फतेहपुर/एटा

जिले के लोधीगंज हाईवे किनारे लगी पटाखा बाजार में रविवार दोपहर 12 बजे करीब आग लग गई। आग लगते ही पूरा इलाका धमाकों से गूंज उठा। जिस वक्त हादसा हुआ, उस समय मौके पर सिर्फ एक छोटी दमकल की गाड़ी और खरीदारों की भीड़ एकत्र थी।

पटाखों के धमाकों से भीड़ में खलबली मच गई। इधर-उधर भागते लोग एक-दूसरे पर गिरकर चोटिल हुए। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता, एक के बाद एक दुकानें आग की चपेट में आती चली गई। धमाके और धुंए के चलते हाईवे किनारे लोगों की भीड़ लग गई।

इससे आवागमन बाधित हो गया। सूचना पाकर सीओ सिटी और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। कुछ ही देर में दमकल की गाड़ियां भी पहुंचने लगी, लेकिन तब तक 60 फीसदी दुकानें जलकर खाक हो चुकी थी। आग पर करीब डेढ़ घंटे के बाद काबू पाया जा सका।

### एटा में पटाखा गोदाम में धमाका,चार दुकानें धराशायी

इधर एटा के बागवाला चौराहे के पास पटाखा गोदाम में रविवार को तेज धमाका हो गया। इससे चार दुकानें धराशायी हो गईं। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। चार लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई गई है। मौके पर राहत बचाव कार्य जारी है। दमकल की टीमें लपटों पर काबू पाने में जुटी हैं। बागवाला चौराहे से आसपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर पटाखा गोदाम बना हुआ था। इसमें रविवार को तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके से गोदाम की चार दुकानें धराशायी हो गईं। मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर लपटों पर काबू पाने में जुटी हैं। बताया गया है कि गोदाम कंसुरी निवासी रहीस खान का था। इस गोदाम में पूर्व में ऐसा ही हादसा हो चुका था, जिसमें पांच लोगों की जान चली गई थी।

## अमेरिका के इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के विरोध में उमड़ा इतना बड़ा जनसैलाब

# राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के खिलाफ 2700 स्थानों पर एकत्रित हो गई 70 लाख लोग की भीड़

अमेरिकी में नो किंग्स प्रोटेस्ट के दौरान सड़कें हो गईं जाम पांव रखना मुश्किल

अब और नहीं और हमें बदलाव चाहिए जैसे नारे लगाए गए

ट्रंप के खिलाफ लोगों में दिखा भारी गुस्सा

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका की सड़कों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ लाखों लोग सड़क पर उतर चुके हैं। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन करने के लिए अमेरिकी की जनता सड़क पर मार्च कर रही है। इस दौरान अमेरिका के 2700 स्थानों पर 70 लाख से ज्यादा लोग ट्रंप की नीतियों, खासकर उनके ट्रांसजेंडर विरोधी बयान और अन्य विवादास्पद फैसलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ट्रंप के खिलाफ लोगों में भारी गुस्सा है। इस विशाल विरोध प्रदर्शन में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और नागरिक समूहों ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं के अधिकारों के लिए कार्य करने वाले संगठनों से लेकर पर्यावरण कार्यकर्ता और ट्रंप प्रशासन की नीतियों के विरोधी शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप के शासनकाल की आलोचना करते हुए 'अब और नहीं' और 'हमें बदलाव चाहिए' जैसे नारे लगाए। इस विरोध प्रदर्शन का आह्वान ट्रंप के प्रशासन के खिलाफ बढ़ते असंतोष और उनके द्वारा उठाए गए निर्णयों के विरोध में किया गया था।



### ट्रांसजेंडरों के खिलाफ उठाए कदमों से घिरे ट्रंप

यह विरोध प्रदर्शन ट्रंप की विभिन्न नीतियों के खिलाफ है। इसमें विशेष रूप से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों के खिलाफ उठाए गए उनके कदमों और उनके कार्यकाल के दौरान किए गए अन्य विवादास्पद कार्यों ने देशभर में गहरे विरोध को जन्म दे दिया है। शामिल मुद्दों में गर्भपात के अधिकारों पर प्रतिबंध, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ की गई नीतियां, और सामाजिक असमानताओं में वृद्धि भी प्रमुख हैं।

### ट्रंप पर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमले का आरोप


*न्यायपालिका में ट्रंप द्वारा नियुक्त किए गए न्यायधीशों के फैसलों और संघीय पुलिस के कुछ आक्रामक कदमों के विरोध में कई संगठनों ने मिलकर यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। एक ओर जहां प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ट्रंप के शासन में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला हो रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन ने इन विरोधों को राजनीतिक साजिश और सामाजिक असंतोष फैलाने की कोशिश के रूप में प्रस्तुत किया। इसे 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' नाम दिया गया है। यानि अब ट्रंप की तानाशाही नहीं चलेगी का नारा लगाया जा रहा है।*

### देश भर में बदलाव की मांग बुलंद

*यह प्रदर्शन न केवल एक राजनीतिक है, बल्कि यह देशभर में बदलाव की मांग और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए एक बुलंद आवाज के रूप में उभरा है। अमेरिका के बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक हर जगह लोग सड़कों पर उतर चुके हैं। इस विशाल आंदोलन ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ असंतोष बढ़ता जा रहा है। यह विरोध प्रदर्शन अमेरिका में ट्रंप के शासनकाल की सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, जो निश्चित रूप से आगामी चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस प्रकार के विरोधों से आने वाले समय में देश में बड़े राजनीतिक बदलाव हो सकते हैं।*

## खबर संक्षेप

### अमेरिका ने किया चीन पर साइबर हमला



**बीजिंग।** चीन ने रविवार को हमले के पीछे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) को जिम्मेदार ठहराया है। बीजिंग के अनुसार उसके राष्ट्रीय समय केंद्र पर बड़ा साइबर हमला किया गया है। चीन के अनुसार यह अमेरिका का साइबर हमला है। चीन ने आरोप लगाया कि अमेरिका के इस साइबर हमले से उसके नेटवर्क संचार, वित्तीय और विद्युत प्रणालियों को भारी नुकसान पहुंच सकता था। मगर चीनी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क थीं, इससे नुकसान होने से रोक लिया गया।

### यूक्रेन के ड्रोन हमले से धुआं-धुआं हुआ रूसी प्लांट



**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बीच एक बार फिर ऊर्जा प्रतिष्ठान निशाने पर आ गया है। यूक्रेन ने दक्षिणी रूस के ओरेंबुर्ग क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख गैस प्रोसेसिंग प्लांट पर ड्रोन हमला किया, जिससे वहां भीषण आग लग गई। यह संयंत्र रूस की सरकारी ऊर्जा कंपनी गैजप्रोम के नियंत्रण में है। स्थानीय गवर्नर येवगेनी सोलनत्सेव के अनुसार, ड्रोन हमले से संयंत्र के एक कार्यशाला हिस्से में आग लगी और उसका कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

### इजराइल ने किया हमास पर हमला, बढ़ेगा तनाव



**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम को लेकर जारी तनाव के बीच इजराइली सेना ने गाजा पर हमला किया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिकी ने फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास पर गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी लोगों पर हमले की योजना का आरोप लगाया था। हमास ने इन आरोपों को इजराइली प्रोपेगैंडा बताकर खारिज कर दिया है। इजराइली सेना ने गाजा में हमले को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत

# भारत और यूरोपीय संघ के बीच होगी व्यापार वार्ता, गोयल इसी महीने करेंगे ब्रुसेल्स का दौरा

- गबर्लिन ग्लोबल डायलॉग का आयोजन 23 से 25 अक्टूबर के बीच होगा
- गोयल यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक से मुलाकात करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत को गति देने के लिए इस महीने के अंत में ब्रुसेल्स का दौरा करेंगे। अधिकारी ने बताया कि मंत्री इस दौरान बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में भाग लेने के लिए यूरोप में रहेंगे।

यह आयोजन 23 से 25 अक्टूबर के बीच होगा। इसके बाद, ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के साथ व्यापार वार्ता होगी। गोयल यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक से मुलाकात करेंगे। बता कि वैश्वक स्तर पर भारत एक दूसरे देशों के लिए एक बड़ा बाजार है जहां से हर एक देश व्यापार करना चाहता है।



### दिसंबर तक व्यापार वार्ता समाप्त करने का निर्णय

*वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय आयोग (ईसी) के व्यापार महानिदेशक (डीजी-ट्रेड) सबाइन वेयंड के साथ भी बातचीत की। दोनों पक्षों के बीच बातचीत बढ़ गई है क्योंकि उन्होंने दिसंबर तक वार्ता समाप्त करने का निर्णय लिया है।*


### गोयल न्यूजीलैंड के साथ करेंगे व्यापार वार्ता

*यूरोप की अपनी यात्रा के बाद, गोयल न्यूजीलैंड जाएंगे। दोनों देशों ने मार्च में एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू की थी और इस पर तीन दौर की वार्ता हो चुकी है। जून 2022 में, भारत और यूरोपीय संघ ने आठ वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए), एक निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों पर एक समझौते पर बातचीत फिर से शुरू की। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण यह बातचीत 2013 में रुक गई थी।*

### यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का 17 प्रतिशत

*यूरोपीय संघ के साथ भारत का द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 2024-25 में 136.53 अरब डॉलर (75.85 अरब डॉलर का निर्यात और 60.68 अरब डॉलर का आयात) था। यह वस्तुओं के लिए सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया। यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत है, और भारत को यूरोपीय संघ का निर्यात उसके कुल विदेशी निर्यात का 9 प्रतिशत है।*


### यूरोपीय संघ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार



- यूरोपीय संघ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसका 2024 में 120 बिलियन यूरो मूल्य का वस्तु व्यापार होगा, जो भारत के कुल व्यापार का 11.5% होगा।
- भारत यूरोपीय संघ का नौवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसका 2024 में यूरोपीय संघ के कुल वस्तु व्यापार में 2.4 प्रतिशत का योगदान होगा, जो अमेरिका (17.3 प्रतिशत), चीन (14.6%) या ब्रिटेन (10.1%) से काफी पीछे है।
- पिछले दशक में यूरोपीय संघ और भारत के बीच वस्तु व्यापार में लगभग 90% की वृद्धि हुई है। भारत से यूरोपीय संघ के आयात में मुख्यतः मशीनरी और उपकरण, रसायन, आधार धातुएं, खनिज उत्पाद और वस्त्र शामिल हैं।
- यूरोपीय संघ द्वारा भारत को किए जाने वाले मुख्य निर्यात में मशीनरी और उपकरण, परिवहन उपकरण और रसायन शामिल हैं। 2023 में सेवाओं का व्यापार यूरो 59.7 बिलियन तक पहुंच जाएगा (जिसमें यूरोपीय संघ का घाटा यूरो 7.9 बिलियन होगा)।
- भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में यूरोपीय संघ का हिस्सा 2023 में 140.1 अरब यूरो तक पहुंच गया, जो 2019 में 82.3 अरब यूरो था। इस तरह, यूरोपीय संघ भारत में एक प्रमुख विदेशी निवेशक बन गया।
- यूरोपीय संघ में भारत का एफडीआई हिस्सा 10.2 अरब यूरो था। भारत में लगभग 6,000 यूरोपीय कंपनियां मौजूद हैं।

## दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालय में फिर चोरी!

# नेपोलियन के शाही रत्न गायब, मच गया हड़कंप



एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस के लूव्र संग्रहालय में रविवार को चोरी की एक घटना हुई और इसे दिन भर के लिए बंद कर दिया गया है जबकि प्राधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। यह जानकारी फ्रांस की संस्कृति मंत्री रचिदा दाती ने दी। रचिदा ने एक्स पर लिखा, लूव्र संग्रहालय खुलने के समय चोरी की एक घटना हुई। लूव्र संग्रहालय की ओर से कहा गया कि यह (संग्रहालय) असाधारण कारणों से बंद रहेगा, हालांकि चोरी के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी गई। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दाती ने कहा कि वह घटनास्थल पर मौजूद हैं और जांच की जा रही है।फ्रांसीसी मीडिया के अनुसार, अपराधी दुनिया के सबसे अधिक देखे जाने वाले संग्रहालय और पूर्व महल में उस ओर से घुसे, जहां निर्माण कार्य हो रहा है। खबर में कहा गया है कि उन्होंने अपोलो गैलरी के लक्षित कमरे तक सीधे पहुंचने के लिए एक मालवाहक लिफ्ट का इस्तेमाल किया। खिड़कियां तोड़ने के बाद, अपराधियों ने कथित तौर पर नेपोलियन और महारानी के आभूषण संग्रह से नौ आभूषण चुरा लिये। लूव्र संग्रहालय में चोरी और डकैती के प्रयासों का एक लंबा इतिहास रहा है।

### 1911 से ही चोरों के निशाने पर रहा संग्रहालय

*वर्ष 1911 में हुई घटना में मोना लिसा की पेंटिंग फ्रेम से गायब हो गई थी, जिसे विन्सेन्जो पेरुगिया नामक एक पूर्व कर्मचारी ने चुरा लिया था, जो संग्रहालय के अंदर छिप गया और पेंटिंग अपने कोट के नीचे छिपाकर बाहर निकल गया। पेंटिंग दो साल बाद फ्लोरेंस में बरामद की गई। इस घटना ने लियोनार्डो दा विंची के चित्र को दुनिया की सबसे प्रसिद्ध कलाकृति बनाने में मदद की। लूव्र में मेसोपोटामिया, मिस्र से लेकर दुनिया भर की प्राचीन वस्तुओं, मूर्तिकला और चित्रकला की 33,000 से अधिक कृतियां प्रदर्शित हैं। चोरी की घटना गैलरी डी'अपोलोन में रविवार को हुई थी, जहां फ्रांसीसी राजसी रत्नों का संग्रह प्रदर्शित है। संग्रहालय में प्रतिदिन 30,000 तक आगंतुक आ सकते हैं।*

## 6 साल का टूटेगा रिकॉर्ड

# कनाडा से जबरदस्ती निकाले जा रहे भारतीय

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा में भारतीय नागरिकों के लिए हालात लगातार मुश्किल होते जा रहे हैं। इमिग्रेशन सिस्टम में सुधार की आड़ में अब भारतीयों को जबरन डिपोर्ट किए जाने के मामले तेजी से बढ़े हैं। कनाडा की कनाडियन बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2024 में अब तक 1,891 भारतीयों को देश से निकाला जा चुका है, और यह संख्या साल खत्म होने से पहले ही 2024 के रिकॉर्ड को पार करने की कगार पर है। साल 2019 में जहां सिर्फ 625 भारतीय नागरिकों को कनाडा से निकाला गया था। वहीं अब यह आंकड़ा छह गुना से ज्यादा हो चुका है। इस साल जुलाई तक के आंकड़े बताते हैं कि भारत अब कनाडा से जबरन निकाले गए नागरिकों की सूची में दूसरे स्थान पर है, पहले नंबर पर हैं मैक्सिको। सीबीएसए के अनुसार, 28 जुलाई 24 तक 1,891 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया।



## दोनों देश युद्ध विराम को हुए तैयार

# अब शांति चाहते हैं दोनों पाकिस्तान-अफगानिस्तान

एजेंसी ▶▶ दोहा

कतर के विदेश मंत्रालय ने आज तड़के ऐलान किया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान कतर के दोहा में आयोजित बातचीत के दौरान युद्धविराम पर सहमती बन गई है।

तुर्की की मध्यस्थता में हो रही इस बातचीत का मकसद एक हफ्ते से चल रहे भीषण सीमा संघर्ष को खत्म करना है। इस संघर्ष में दर्जनों लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए हैं। बता दें कियह चर्चा अफगानिस्तान और पाकिस्तान की लड़ाई में दर्जनों लोगों के मारे जाने के बाद हुई है, जो 2021 में काबुल में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से दोनों पड़ोसियों के बीच सबसे खराब टकराव है। अफगान अधिकारियों ने पुष्टि की कि रक्षा मंत्री मुल्ला मुहम्मद याकूब के नेतृत्व में काबुल प्रतिनिधिमंडल ने दोहा वार्ता में भाग लिया, जबकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने तालिबान प्रतिनिधियों के साथ चर्चा का नेतृत्व किया।



## सऊदी अरब में खत्म हुआ 'कफाला सिस्टम'

# लाखों विदेशी वर्कर्स को मिली नई 'आजादी'!

एजेंसी ▶▶ रियाद

सऊदी अरब ने 50 साल पुराने कफाला सिस्टम को आधिकारिक तौर पर खत्म कर दिया है। ये एक लेबर स्पांसरशिप फ्रेमवर्क था, जिसमें विदेशी वर्कर्स के रहने और जॉब करने के अधिकार सिर्फ एक कंपनी या नियोक्ता से जुड़े होते थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस बदलाव का ऐलान जून 2025 में ही कर दिया गया था, लेकिन अब ये आधिकारिक तौर पर खत्म कर दिया गया है। कफाला सिस्टम खत्म होने से 1.3 करोड़ से ज्यादा विदेशी वर्कर्स को आजादी मिली है, जिसमें भारत के भी लाखों वर्कर्स शामिल हैं। कफाला सिस्टम को अरबी में 'स्पांसरशिप' के तौर पर जाना जाता है। ये एक मॉडर्न स्पांसरशिप रूट था, जिसका इस्तेमाल 1950 के दशक से ही खाड़ी के देशों में हो रहा है। सऊदी अरब, कतर, कुवैत, जॉर्डन जैसे देशों में कफाला सिस्टम आम है। इसके तहत विदेशी वर्कर्स का कानूनी स्टेटस सीधे तौर पर उसकी कंपनी (कफील) से जुड़ा होता था। इस वजह से कंपनी के पास वर्कर्स से ज्यादा अधिकार होते थे। कफाला सिस्टम से बंधा वर्कर ना तो जॉब बदल सकता था, ना कंपनी की इजाजत लिए बगैर देश छोड़ सकता था और ना ही उसे कानूनी मदद मिल सकती थी। इस वजह से वर्कर्स का काफी शोषण होता था। इस सिस्टम को इसलिए डिजाइन किया गया था, ताकि विदेशी वर्कर की कानूनी और प्रशासनिक जिम्मेदारी (वीजा और रेजिडेंसी स्टेटस सहित) सीधे कंपनी या उस शख्स को सौंप दी जाए, जहां वह काम करने आ रहा है। आसान भाषा में कहें तो वर्कर की जिम्मेदारी कफील के हाथ में होती थी। कफाला सिस्टम से राज्य की नौकरशाही पर दबाव नहीं पड़ता था, क्योंकि सारा काम खुद कफील को देखना होता था।



## द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में एक महत्वपूर्ण मंच

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय सेना कर रही है संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना और ऑस्ट्रेलियाई सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद-2025' ऑस्ट्रेलिया में पूरे उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया जा रहा है। यह अभ्यास विशेष रूप से आतंकवाद-रोधी अभियानों, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में ऑपरेशन, और संयुक्त मानवीय सहायता एवं आपदा राहत कार्यों पर केंद्रित है। दोनों देशों के बीच यह इस सैन्य अभ्यास का चौथा संस्करण है। इस अभ्यास में दोनों देशों की सेनाओं के जवान संयुक्त प्रशिक्षण गतिविधियों, सामरिक अभ्यासों, फायरिंग ड्रिल और योग सत्रों में भाग ले रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से सैनिक अनुशासन, तालमेल और साझी कार्यप्रणाली का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का प्रतीक है। भारतीय सेना के मुताबिक अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना, संयुक्त परिचालन प्रक्रियाओं की समझ विकसित करना तथा साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी सहयोग को सुदृढ़ करना है। अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त कमांड पोस्ट अभ्यास, फील्ड प्रशिक्षण और लाइव फायर अभ्यास भी किए जा रहे हैं। इससे वास्तविक युद्धक परिस्थितियों में सैन्य क्षमता को मजबूत किया जा सकेगा। 'ऑस्ट्राहिंद' श्रृंखला का यह अभ्यास भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2022 में आरंभ हुआ था।



## 4000 करोड़ की लागत में बना है ये 'इनवर्टेड ग्राउंडस्क्रैपर'

### होटल में कुल 337 कमरे हैं, जिनमें से हर एक में वॉइस-कंट्रोल सिस्टम

# खदान के अंदर बने वाटरफॉल होटल की 16 मंजिलें बनी हैं जमीन के 88 मीटर नीचे

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

दुनिया में ऐसी कई इमारतें हैं, जो अपनी अनोखी आर्किटेक्चर के लिए जानी जाती हैं। इस लिस्ट में चीन के एक खास होटल का नाम भी शामिल है। यह होटल एक खदान के अंदर बना है और वॉटर फॉल होटल के नाम से जाना जाता है। चीन के शंघाई शहर के सोंगजियांग जिले में स्थित इंटरकॉन्टिनेंटल शंघाई वंडरलैंड होटल आर्किटेक्चर और इंजीनियरिंग का एक शानदार उदाहरण है। यह अनोखा होटल एक पुरानी खदान के अंदर बना है, जिसकी वजह से इसे 'क्वारी होटल' या 'खदान होटल' के नाम से भी जाना जाता है। इस होटल का इतिहास काफी दिलचस्प है। इस खदान को 1950 के दशक में जापानियों ने युद्ध के दौरान बंकर बनाने के लिए खोदा था। बाद में इसे आंशिक रूप से पानी से भरकर एक आर्टिफिशियल झील में बदल दिया गया। साल 2006 में शंघाई के एक प्रॉपर्टी ग्रुप ने इस जगह में संभावना देखी और इसे एक लग्जरी होटल में तब्दील करने का फैसला किया।



पानी के नीचे बना है सीफूड रेस्टोरेंट

### क्यों कहा जाता है वाटरफॉल होटल?

*होटल की सबसे खास बात इसकी संरचना है, जो 88 मीटर गहरी खदान की दीवारों में बनाई गई है। इसमें कुल 18 मंजिलें हैं, जिनमें से 16 भूमिगत और दो मंजिलें पानी के नीचे स्थित हैं। इसके सामने 90 मीटर ऊंचा कृत्रिम झरना होटल की खूबसूरती में चार चांद लगाता है, जिसके कारण इसे 'वॉटरफॉल होटल' भी कहा जाता है। इस होटल को डिजाइन करने के लिए कई मशहूर आर्किटेक्चर फर्म्स को चुना गया। होटल की डिजाइन में फेंगशुई के प्रिंसिपल्स को अपनाया गया है और इसे 'इनवर्टेड ग्राउंडस्क्रेपर' कहा जाता है।*

### आराम और रोमांच का अनुभव

*इस होटल में ठहरना केवल आराम का नहीं, बल्कि रोमांच का भी अनुभव है। यहां क्लिफ के किनारे बने विला और पानी के नीचे बने सुइट्स हैं, जहां कांच की दीवारों से मेहमान सीधे झील के भीतर का नजारा देख सकते हैं। होटल में कुल 337 कमरे हैं, जिनमें से हर एक में वॉइस-कंट्रोल सिस्टम जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। खाने-पीने के लिए होटल में पानी के नीचे बना सीफूड रेस्टोरेंट, कैंटोनीज फाइन डाइनिंग और क्वारी बार जैसे ऑप्शन मौजूद हैं। इसके अलावा, होटल में वॉटर स्पोटर्स एरिया, इंफिनिटी पूल और स्पा की सुविधा भी है। रोमांच पसंद करने वालों के लिए पास के थीम पार्क में जिपलाइन, बंजी जंप, रॉक क्लाइम्बिंग और ग्लास वॉकवे जैसी गतिविधियां मौजूद हैं।*

## चिंतन

# कलयुग में भी प्रासंगिक है भगवान श्रीराम के आदर्श

भारतीय संस्कृति में दिवाली केवल दीपों और उत्सव का पर्व नहीं बल्कि सृष्टि के उस सनातन भाव का प्रतीक है, जिसमें प्रकाश अंधकार पर, श्रद्धा मोह पर और सृजन विनाश पर विजय प्राप्त करती है। इस दिन जब संपूर्ण भारत दीपों से जगमगा उठता है, तब हर घर, हर हृदय में भगवान राम के स्वागत की मंगल भावना जाग उठती है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान राम 14 साल का वनवास पूरा करके आयोध्या लौटे थे। वो राम जिनके चरित्र की मिसाल आज भी दी जाती है और उन्हें उनके गुणों के कारण पूजनीय माना जाता है। श्रीराम ने हर परिस्थिति में सत्य और धर्म का पालन किया। उन्होंने अपने जीवन से संदेश दिया कि अगर इंसान चाहे तो वो अपने सद्कर्मों से मर्यादा पुरुषोत्तम हो सकता है। बस इसके लिए श्रीराम के आदर्शों का पालन करना अनिवार्य है। भगवान राम ने व्यक्तिगत सुख से ऊपर कर्तव्य को रखा। वनवास, सीता-हरण और युद्ध जैसी परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य और विवेक बनाए रखा। जो दर्शाता है कि इंसान धैर्य, विवेक और कर्तव्य का तालमेल बनाकर चले तो किसी भी परेशानी पर विजय हासिल कर सकता है। श्रीराम में अन्दर इतने गुण थे कि एक मानव के रूप में जन्म लेने के बावजूद अपनी प्रजा के लिए वो भगवान बने रहे और आज भी अपने चरित्र के कारण पूजे जाते हैं। उनके जो आदर्श थे, वो आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। त्रेता युग में इंसानों की फितरत और सोच स्पष्ट थी, लेकिन अब कलियुग है। इस युग में इंसान भटका हुआ है और आधुनिकता की चकाचौंध के कारण प्राचीन विचार लोगों को तर्कहीन और मूल्यहीन लगते हैं। आधुनिक पीढ़ी की सोच गलत भी नहीं है लेकिन सामान हो या सोच, हर चीज का रूपांतरण संभव है। विचार और मूल्य कभी पुराने नहीं होते बल्कि अगर उनका आधार मजबूत हो, तो समय के साथ वो खुद को एक नए स्वरूप में ढाल लेते हैं। बस उन्हें अपनाने की सुलभता हममें होनी चाहिए। भले ही आधुनिक पीढ़ी भगवान राम के मूल्यों को प्राचीन सोचकर अपनाने से हिचके, लेकिन भगवान राम के आदर्श इतने मूल्यवान हैं कि वो आज भी प्रासंगिक हैं। उनके जीवन से कई शिक्षाएँ मिलती हैं, जो आधुनिक चुनौतियों में भी मार्गदर्शन करती हैं। आज की दौड़-भाग में सत्य और नैतिकता से समझौता करना आसान है। आज का युवा अनेक प्रलोभनों और चुनौतियों से घिरा है, इसलिए श्रीराम की सत्य और धर्मनिष्ठा युवाओं के लिए यह ईमानदारी और नैतिकता का प्रतीक है। राम का जीवन यह बताता है कि परिवार और समाज के प्रति कर्तव्य निभाना ही सच्चा धर्म है। उनकी कर्तव्यपरायणता युवाओं को कर्तव्य और जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देती है। आज की पीढ़ी जहां व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्म-संतुष्टि की ओर झुकी हुई है, वहीं श्रीराम का आदर्श हमें संतुलन सिखाता है। जो समझाता है कि स्वतंत्र रहो, पर अपने मूल्यों और परिवार से जुड़े रहो। श्रीराम की वाणी में संयम और आचरण में शुद्धता, सीमाओं और अनुशासन का महत्व सिखाते हैं। तनाव और असुरक्षा के दौर में श्रीराम का संकट में धैर्य रखना, युवाओं को मानसिक दृढ़ता और संकट-प्रबंधन की शिक्षा देता है। आज का युवा असफलता या आलोचना से निराश हो जाता है। ऐसे में भगवान श्रीराम का जीवन प्रेरित करता है कि संकट जीवन का अंत नहीं, बल्कि आत्मबल की परीक्षा है। हम अगर धैर्य से इस परीक्षा का सामना करें तो सफलता पाना तय है। बस जरूरी इस बात कि है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को श्रीराम के आदर्शों का न केवल ज्ञान दें बल्कि उन्हें अपनाने का भी प्रेरित करें।

## सारा संसार



अमृतसर का स्वर्ण मंदिर केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का मशहूर मंदिर है जिसकी गिनती भारत के सबसे चमत्कारिक मंदिर में की जाती है। बहुत कम लोग जानते हैं लेकिन इस मंदिर को हरमंदिर साहिब के नाम से भी जाना जाता है। कहने को तो ये सिखों का गुरुद्वारा है, लेकिन मंदिर शब्द का जुड़ना इसी बात का प्रतीक है कि भारत में हर धर्म को एकसमान माना गया है।



कृषि योजना
प्रमोद भार्गव

# दाल उत्पादन में आत्मनिर्भरता के उपाय

> दो प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत की है। धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन नाम से की गई ये योजनाएं यदि खेत में खरी उतरती हैं तो किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की जा रही हैं। दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030-31 तक उत्पादन को बढ़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। पीएम मोदी ने इस नाते 100 पिछड़े जिलों में दालों के उत्पादन का दायरा बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नानाजी देशमुख ने जयप्रकाश नारायण की जयंती पर दो प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत की है। धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन नाम से की गई ये योजनाएं यदि खेत में खरी उतरती हैं तो किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। इन योजनाओं के लिए 35,440 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की जा रही हैं।

दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030-31 तक उत्पादन को 252 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। इस हेतु 35 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि दलहन उत्पादन के दायरे में लाई जाएगी। विडंबना देखिए, भारत दुनिया का सबसे बड़ा दलहन उत्पादन और उपभोक्ता देश है, लेकिन दालों की आपूर्ति आयात पर निर्भर हैं। हालांकि नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल में कृषि निर्यात दोगुना हो गया है लेकिन दालें आयात करनी पड़ती हैं।

आहार में पौष्टिक तत्वों का कारक मानी जाने वाली दालें, बढ़ते दामों के कारण गरीब की शारीरिक जरूरत पूरी नहीं कर रही हैं। ये हालात मानसून के दौरान औसत से कम या ज्यादा बारिश होने से तो उत्पन्न होते ही हैं, किसान के नकदी फसलों की ओर रुख करने के कारण भी हुए हैं। यही नहीं, यह स्थिति इसलिए भी बनी, क्योंकि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार की गलत नीतियों के चलते किसान को खाद्य वस्तुओं की बजाय, ईंधन, प्लास्टिक और फूलों की फसल उगाने के लिए, कृषि विभाग ने जागरूकता के अभियान चलाए। यही वजह रही कि भूमंडलीकरण के दौर में दालों की पैदावार लगातार कम होती चली गई। दाल उत्पादन का रकबा लगभग 15 हजार हेक्टेयर कम हो गया। भारत में दालों की सालाना खपत 220 से 230 लाख टन है। मांग और आपूर्ति के इस बड़े अंतर के चलते जमाखोरों और दाल के आयातक व्यापरियों को भी वारे-न्यारे करने का मौका मिल जाता है। पौष्टिक आहार देश के हरेक नागरिक के स्वस्थ जीवन से जुड़ा अहम प्रश्न है। संविधान के मूलभूत अधिकारों में भोजन का अधिकार शामिल है। चूंकि दालें प्रोटीन और पौष्टिकता का महत्वपूर्ण जरिया हैं। चूंकि दालें आयात करनी होती हैं, इसलिए इनके भाव भी बीच-बीच में बढ़ जाते हैं। इस कारण मध्यवर्गीय व्यक्ति की थाली से दाल गायब होने लगती है। चुनांचे दाल व्यक्ति की सेहत से जुड़ी हैं और बीमारी की हालत में तो रोगी को केवल दाल-रोटी खाने की ही सलाह चिकित्सक देते हैं। वर्ष 1951 में प्रतिव्यक्ति दालों की उपलब्धता 60 ग्राम थी,जो वर्ष 2010 में घटकर 34 ग्राम रह गई। जबकि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार यह मात्रा 80 ग्राम होनी चाहिए। दालें भारत में प्रोटीन का प्रमुख स्त्रोत मानी जाती हैं। लेकिन स्थानीय मांग पूरी करने के लिए दाल उत्पादन में किसान को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। तुअर दाल की फसल आठ माह में तैयार होती है। बावजूद किसान को उचित दाम नहीं मिलते हैं। गोया, किसान साल में एक फसल उगाने में रुचि कैसे लें? विदेशों में रहने वाले भारतीय भी सबसे ज्यादा तुअर की दाल खाना पसंद करते हैं। देश में सबसे अधिक चने और



अरहर की खेती होती है। इनके अलावा मूंग और उड़द की दालें पैदा होती हैं। देष में 10 राज्यों के किसान दालों की खेती करते हैं। इनमें सबसे अधिक उत्पादक राज्य महाराष्ट्र है। दालें मुख्य रूप से खरीफ की फसल हैं,जो वर्षा ऋतु में बोई जाती हैं। इस ऋतु में करीब 70 प्रतिशत दालों का उत्पादन होता है।


केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार दालों के तात्कालिक भाव 85.42 प्रति किलो से लेकर 112.88 रुपये किलो तक हैं। भावों में इस उछाल का कारण जमाखोरी और सट्टेबाजी के साथ आयात का कुचक्र है। टाटा, मंहिद्रा, ईजी-डे और रिलांइस जैसी बड़ी कंपनियां जब से दाल के व्यापार से जुड़ी हैं, तब से ये जब चाहे तब मुनाफे के लिए दाल से खिलवाड़ करने लग जाती हैं। जब कंपनियां बड़ी तादाद में दालों का भंडारण कर लेती हैं,तो भावों में कृत्रिम उछाल आ जाता है। हालांकि केंद्र सरकार ने दालों का भंडारण सितंबर 2024 से सीमित किया हुआ है। इस कारण भाव नियंत्रण में हैं। मीडिया दाल के बढ़ते भावों को गरीब की थाली से जोड़कर उछालता है। तब सरकार दाल के आयात के लिए विवश हो जाती है। मसलन देशी-विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हर हाल में पौ-बारह बने रहते हैं। इन कंपनियों का दबदबा इतना है कि कोई भी राज्य सरकार इनके गोदामों पर छापे डालने का जोखिम उठाने का साहस नहीं जुटा पाती। लिहाजा कालाबाजारी बदस्तूर रहती है। ये कंपनियां मसूर और मटर की दाल कनाडा से, उड़द और अरहर की दाल बर्मा के रंगून से, राजमा चीन से और काबुली चना आस्ट्रेलिया से आयात करती हैं। इनके अलावा अमेरिका, रूस, केन्या, तंजानिया, मोजांबिक, मलावा और तुर्की से भी दालें आायात की जाती हैं। कनाडा ने मसूर दाल के भाव पिछले साल की तुलना में दोगुने कर दिए हैं। कनाडा एशियाई देशों में सबसे ज्यादा दालों का निर्यात करने वाला देश है। इस नाते यह कहने में कोई दो राय नहीं कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बात तो छोड़िए, देशी कंपनियां भी भारतीय कृषि को बदहाल बनाए रखना चाहती हैं। आयात की जब इन्हें खुली छूट मिल जाती है तो ये जरूरत से ज्यादा दाल व तेल का आयात करके भारत को डंपिंग ग्राउंड बना देती हैं। तय है, कालांतर में भारत की तरह दूसरे देशों में यदि मौसम रूठ जाता है तो दाल और प्याज की तरह खाद्य-तेल के भाव भी आसमान छूने लग जाते हैं। सस्ते तेल का आयात जारी रहने की वजह से ही भारत में तिलहन का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। बावजूद हमारे नेता ऐसी नीतियों को बढ़ावा देने की कोशिशों में लगे रहे हैं कि दलहन और तिलहत के क्षेत्र में भारत पूरी तरह परावलंबी बना रहे। इस परिप्रेक्ष्य में मनमोहन सरकार के कृषि मंत्री बलराम जाखड़ ने सलाह दी थी कि भारत अफ्रीका में दालें उगाए और फिर आयात करे।

इसी तरह संप्रग सरकार में कृषि मंत्री रहे शरद पवार म्यांमार और उरुग्वे में दालें पैदा करके आयात करना चाहते थे। ये सुझाव समझ से परे हैं। फसल के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में आधुनिक गोदाम और कोल्ड स्टोरेज का नेटवर्क बनाना होगा। यह इस योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दाल से बेसन, पापड़, नमकीन और अन्य उत्पाद बनाने के लिए स्थानीय प्रसंस्करण को बढ़ावा देने से किसानों की आय में और वृद्धि होगी। आखिर ऐसे क्या रहस्य हैं कि हमारे नीति-नियंता विदेशी धरती पर तो दाल उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, किंतु देश के किसानों को लाभकारी मूल्य देना नहीं चाहते? ऐसी मंशाएं देश की खाद्य सुरक्षा को जान-बूझकर संकट में डालने जैसी लगती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नाते 100 पिछड़े जिलों में दालों के उत्पादन का दायरा बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

## एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहां शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृद्ध होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहां तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## दिवाली पर्व

प्रियंका श्रीवास्तव



# अमेरिका में दिवाली: जहां प्रकाश मिलता है नेतृत्व से

हर साल पतझड़ के मौसम में, जब अमेरिका के शहरों की सड़कें और इमारतें रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाती हैं, एक अलग तरह की चमक भी फैलती है- दिवाली की रोशनी। कभी यह जश्न सिर्फ भारतीय प्रवासियों के घरों तक सीमित था, लेकिन अब यह त्योहार कॉर्पोरेट बोर्डरूम, विश्वविद्यालयों और सामुदायिक केंद्रों में सांस्कृतिक समावेश, धैर्य और नवीनीकरण का प्रतीक बन गया है। जब मैं पहली बार अमेरिका आई थी, दिवाली का मतलब था छोटे से अपार्टमेंट में दीये जलाना, फैमिली के साथ वीडियो कॉल पर जुड़ना, और कुछ करीबी दोस्तों के साथ घर का बना मिठाई साझा करना। समय के साथ वह छोटा सा मंडल बढ़ता गया-सहकर्मी शामिल हुए, स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, और यहां तक कि कंपनियों के लॉबी में रंगोली सजने लगी। जो कभी सिर्फ यादों की बात थी, वह अब एक 'समान भाव' बन गई।

***साझा मूल्यों का त्योहार :*** दिवाली का संदेश-अंधकार पर प्रकाश की जीत, अज्ञान पर ज्ञान की जीत, और निराशा पर आशा की जीत- धर्म और देश की सीमाओं को पार कर जाता है। यह आधुनिक नेतृत्व के नजरिए के समान हैः जटिलता में स्पष्टता, प्रतिस्पर्धा में सहानुभूति, और अनिश्चितता में साहस। कार्यालयों में दिवाली मनाना सिर्फ सांस्कृतिक पहचान का मामला नहीं है-यह हमें याद दिलाता है कि समावेश ही नवाचार है। जब संगठन विविध परंपराओं का सम्मान करते हैं, तो वे ऐसे वातावरण का निर्माण करते हैं जहां लोग अपने पूरे व्यक्तित्व के साथ काम में शामिल हो सकते हैं-और जहां सृजनात्मकता वास्तव में चमकती है।

***प्रकाश को विरासत बनाना :*** मेरे लिए हर साल दीया जलाना व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों दृष्टि से महत्व रखता है। यह एक चिंतन का अनुष्ठान है-इस पर कि क्या हासिल किया गया, क्या सीखा गया, और हम कौन-सा प्रकाश आगे ले जा सकते हैं। एक ऐसी दुनिया में, जो अक्सर शोर और गति से परिभाषित होती है, दिवाली हमें रुकने का अवसर देती है। यह हमें प्रेरित करती है कि हम सहानुभूति के साथ नेतृत्व करें, ईमानदारी से निर्माण करें, और याद रखें कि विकास -चाहे वह व्यवसाय में हो या जीवन में-भीतर से प्रकाशित होने से शुरू होता है।

इस साल, जब अमेरिका में दीयों की रोशनी फैल रही है, यह एक शांत लेकिन शक्तिशाली कहानी बयां करती हैः कि जब प्रकाश साझा किया जाता है, तो वह और भी बढ़ता है और शायद यही दिवाली का असली नेतृत्व सबक है।

*-एसोसिएट डीन, हुल्ट इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल सैन फ्रांसिस्को, अमेरिका की रिपोर्ट*

## शोभा यात्रा



दीपोत्सव के मौके पर अयोध्या में रविवार, 19 अक्टूबर, 2025 को आयोजित शोभा यात्रा में कलाकार हिस्सा लेते हुए। दीप पर्व पर राम की नगरी अयोध्या में भव्य यात्रा निकाली गई।

## आज की पाती

### विद्यार्थी मोबाइल से दूरी बनाए रखें

राज्य सरकार सभी स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्कूल समय में मोबाइल का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाए। अगर स्कूलों और अन्य शिक्षा संस्थानों में मोबाइल प्रयोग की खुली छूट दे दी जाए तो बहुत से विद्यार्थी इसका दुरुपयोग ही करते हैं, इसलिए यह जरूरी है कि यहां मोबाइल पर प्रतिबंध लगे, लेकिन अगर शिक्षकों के मोबाइल प्रतिबंधित नहीं होंगे और शिक्षक पढ़ाने के दौरान मोबाइल प्रयोग करेंगे तो इसका विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव पडेगा। विद्यार्थियों को चाहिए कि वो अपनी जिंदगी का कीमती समय बेवजह बर्बाद न करें। टेक्नोलॉजी का उचित प्रयोग किया जाए तो वो लाभकारी सिद्ध होती है और दुरुपयोग हानिकारक।

*– प्रेम त्रिपाठी, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### चोरी की घटना के बाद फ्रांस का लूव्र संग्रहालय किया बंद



फ्रांस के लूव्र संग्रहालय में रविवार को चोरी की एक घटना हुई और इसे दिन भर के लिए बंद कर दिया गया है जबकि प्राधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। यह जानकारी फ्रांस की संस्कृति मंत्री रचिदा दाती ने दी। रचिदा दाती ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आज सुबह लूव्र संग्रहालय खुलने के समय चोरी की एक घटना हुई ।खबर में कहा गया है कि उन्होंने अपोलो गैलरी के लक्षित कमरे तक सीधे पहुंचने के लिए एक मालवाहक लिफ्ट का इस्तेमाल किया। 'ले पेरिसियन' की खबर के अनुसार, खिड़कियां तोड़ने के बाद, अपराधियों ने कथित तौर पर नेपोलियन और महारानी के आभूषण संग्रह से नौ आभूषण चुरा लिये। लूव्र संग्रहालय में चोरी और डकैती के प्रयासों का एक लंबा इतिहास रहा है। वर्ष 1911 में हुई घटना में मोना लिसा की पेंटिंग फ्रेम से गायब हो गई थी, जिसे विन्सेन्जो पेरुगिया नामक एक पूर्व कर्मचारी ने चुरा लिया था, जो संग्रहालय के अंदर छिप गया और पेंटिंग अपने कोट के नीचे छिपाकर बाहर निकल गया। पेंटिंग दो साल बाद फ्लोरेंस में बरामद की गई। इस घटना ने लियोनार्डो दा विंची के चित्र को दुनिया की सबसे प्रसिद्ध कलाकृति बनाने में मदद की।

## ऑफ बीट

### आंत रोग की कुछ स्थितियां पार्किंसंन के लिए जिम्मेदार



कुछ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं, जैसे निगलने में कठिनाई, कब्ज और आंत विकार (आईबीएस) पार्किंसंन रोग के जोखिम से जुड़ी हो सकती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। पार्किंसंन एक मस्तिष्क विकार है, जिसके कारण शरीर में कंपकंपी, ऐंठन और संतुलन एवं समन्वय बैठाने में कठिनाई होती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पूर्व में आंत की कुछ समस्याओं को पक्षाघात या मस्तिष्क धमनी विकार या अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियों का कारण बनने से जोड़ा गया है। पत्रिका 'गट' में प्रकाशित नवीनतम अध्ययन में अमेरिकी राष्ट्रव्यापी मेडिकल रिकॉर्ड नेटवर्क (ट्राइनेटएक्स) के 24,624 लोगों के आंकड़ों का उपयोग किया गया, जिन्हें अज्ञात कारण से पार्किंसंन रोग हुआ था। ऐसे लोगों की तुलना उन लोगों से की गई, जो अन्य मस्तिष्क विकार स्थितियों जैसे अल्जाइमर रोग (19,046) या सेरेब्रोवास्कुलर रोग से ग्रसित (23,942) या इनमें से कोई भी नहीं (24,624) पाए गए थे। पार्किंसंन रोग से पीड़ित लोगों का उनके इस रोग का पता चलने से औसतन 6 साल पहले के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड में शामिल आंत रोग स्थितियों की आवृत्ति की तुलना करने के लिए उम्र, लिंग और अन्य विवरणों के आधार पर अन्य समूहों के लोगों के साथ मिलान किया गया था।

## ट्रेंड

### बंगाल घुसपैठिया मुक्त होगा



गुजरात, राजस्थान, असम में घुसपैठ नहीं होती, क्योंकि वहाँ भाजपा सरकार है, बंगाल और झारखंड में घुसपैठियों का स्वागत वोट बैंक के लिए होता है। बंगाल से ममता सरकार हटने और भाजपा सरकार आने के बाद बंगाल घुसपैठिया मुक्त होगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री


### अर्थव्यवस्था को नई उड़ान



लखनऊ का स्ट्रैटेजिक मटेरियल टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स, औद्योगिक नक्शे पर एक नया आयाम जोड़ने वाला है। इससे एक नई इनोवैशन चेन भी बनेगी, जो न केवल रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा करेगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई उड़ान देगी।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### ग्रीन पटाखों का प्रयोग करें



सालों बाद दिल्ली में दिवाली का उत्सव फिर से अपने पूरे रंग और रोशनी के साथ मनाया जाएगा। आप सभी से अपील है कि इस दीपावली केवल प्रमाणित ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग करें और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन अवश्य करें।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### हृदय को प्रकाशित करें



जिस प्रकार अयोध्यावासियों ने भगवान राम के वास्तविक निवास में स्वागत के लिए नगर को प्रकाशित किया था, आइए हम भी उनके वास्तविक निवास में स्वागत करने के लिए अपने हृदय को प्रकाशित करें..

- शेखर कपूर, फिल्मकार

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यों पर जताई गहरी नाराजगी

# देशभर में 8.82 लाख आदेश 'अधर' में कर्नाटक हाईकोर्ट से जवाब तलब किया

**अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाओं पर भड़का कोर्ट**

अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इनकार कर देता है, यह बड़ी ही अजीब बात है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने देशभर में लंबित पड़े 8.82 लाख से ज्यादा 'निष्पादन याचिकाओं' (अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाएं) पर सख्त नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि ये स्थिति बेहद निराशाजनक और चिंताजनक है। जब किसी नागरिक विवाद में अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इनकार कर देता है, तब विजेता पक्ष अदालत में निष्पादन याचिका दायर करता है ताकि आदेश लागू हो सके। यानी यह प्रक्रिया अदालत के आदेश को जमीन पर उतारने की होती है। इस दौरान शीर्ष कोर्ट ने कर्नाटक और तमिलनाडु की सरकार पर कई सवाल उठाए। अदालत ने इस बीच कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर है। यह बात केंद्र और राज्य सरकारों को सदैव ध्यान में रखनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है।

### आदेश लागू न तो तो ऐसे आदेश का क्या मतलब?

**निष्पादन याचिका पर उठाए सवाल**

हाईकोर्ट और जिला अदालतें इस ढर्रे को तुरंत बदलें



जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि अदालत का आदेश अगर वर्षों तक लागू ही न हो सके, तो फिर ऐसे आदेश का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह न्याय का मजाक बन जाएगा। अदालत ने बताया कि कुल 8,82,578 निष्पादन याचिका लंबित हैं। मार्च 2024 से अब तक लगभग 3.38 लाख मामलों का निपटारा हुआ, लेकिन बाकी अब भी अटके हुए हैं। कोर्ट ने सभी हाईकोर्टों से कहा कि वे जिला अदालतों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दें ताकि पुराने मामलों को जल्द निपटाया जा सके।

### 2004 में आदेश के बाद भी नहीं मिला जमीन का कब्जा

तमिलनाडु के अय्यावू उदयार ने 1980 में जमीन खरीदने का समझौता किया था। 1986 में केस दाखिल हुआ। 2004 में आदेश के बाद भी जमीन का कब्जा नहीं मिला। 2008 में कब्जे का आदेश हुआ, पर अमल फिर भी नहीं हुआ। आखिरकार मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। अदालत ने कहा कि निचली अदालत और हाईकोर्ट ने इस मामले में गंभीर गलती की।

**न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर है। आदेशों को वर्षों तक लागू न कर पाना व्यवस्था पर ही सवाल उठाता है। अदालत चाहती है कि हाईकोर्ट और जिला अदालतें इस ढर्रे को तुरंत बदलें।




### कर्नाटक हाईकोर्ट ने जरूरी आंकड़े नहीं भेजे

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को जरूरी आंकड़े नहीं भेजे। इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि रजिस्ट्रार जनरल दो हफ्तों में जवाब दें कि जानकारी क्यों नहीं दी गई। 6 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी हाईकोर्ट सर्कुलर जारी करें। निष्पादन याचिका छह महीने में निपटाई जाएं। अगर कोई देरी होती है तो संबंधित जज जिम्मेदार माने जाएंगे। कोर्ट ने मामला 10 अप्रैल 2026 को दोबारा सुनने का समय तय किया है। तब तक सभी हाईकोर्ट को लंबित और निपटाए गए मामलों के पूरे आंकड़े देने होंगे।

**धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन नहीं होता**

### ध्वस्त होगा अहमदाबाद की 400 साल पुरानी मस्जिद का हिस्सा

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गुजरात हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा, जिसमें सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए अहमदाबाद में 400 साल से ज्यादा पुराने मंच मस्जिद परिसर को आंशिक रूप से ध्वस्त करने की अनुमति दी गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह कदम जनहित में उठाया गया और इससे धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन नहीं होता। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि खाली पड़ी ज़मीन का केवल एक हिस्सा और उससे सटे एक चबूतरे को ही हटाया जाना है, जबकि मस्जिद का मुख्य ढांचा वैसा ही रहेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि इसी नागरिक परियोजना के तहत एक मंदिर, एक व्यावसायिक इकाई और एक आवासीय संपत्ति को भी ध्वस्त करने चिह्नित किया गया।

## कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के बयान पर संघ का पलटवार

# वे सनातन से दूर भागेंगे तो मतदाता उनसे ही दूर होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के सनातन पर दिए गए बयान पर संघ के नेताओं ने पलटवार किया है। भाजपा और संघ के नेताओं ने दावा किया कि सिद्धारमैया अपनी सरकार की विफलता छिपाने ऐसा बयान दे रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के नेता विनोद बंसल ने सीएम के बयान पर कहा कि सिद्धारमैया के माता-पिता के नाम में 'राम' है, जिनकी पत्नी का नाम 'पार्वती' है और जो खुद सिद्धारमैया कहलाते हैं, लोगों को 'सनातनियों' की संगति से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं। उनके मंत्रिमंडल के मंत्री सनातन को खत्म कर दो क्योंकि यह डेंगू और मलेरिया फैलाता है और वे आरएसएस और बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाते हैं। वे सनातन से जितना दूर जाएंगे, उनके मतदाता उनसे उतना ही दूर होते जाएंगे।

### भाजपा सांसद शेट्टार ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा

**सिद्धारमैया विफल सीएम, भ्रष्टाचार चरम पर: शेट्टार**



उनके बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा सांसद जगदीश शेट्टार ने कहा कि केवल अपनी सुविधा के लिए वह ये सभी बयान दे रहे हैं, क्योंकि उनका प्रशासन और कानून-व्यवस्था विफल है। भ्रष्टाचार बहुत ज्यादा है। वे आरएसएस के खिलाफ बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगा रहे हैं।

**सिद्धारमैया ने यह कहा था**

सिद्धारमैया ने एक बयान में लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपनी संगति सही रखें। उन लोगों के साथ जुड़ें जो समाज के लिए खड़े हैं, न कि उन लोगों के साथ जो सामाजिक बदलाव का विरोध करते हैं, जैसे सनातनी। सिद्धारमैया ने नागरिकों से समाज में प्रगतिशील और तार्किक ताकतों के साथ जुड़ने का आग्रह किया।

### संघ से कांग्रेस की दुश्मनी नई नहीं



संघ के नेता राजीव तुली ने कहा कि आरएसएस से कांग्रेस की दुश्मनी पुरानी है, ये नई नहीं। महात्मा जी की हत्या से एक हफ्ते पहले एक सीएम को लिखे पत्र में पं. नेहरू ने कहा था आरएसएस के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। तुली ने कहा कि 1948 में नेहरू ने सरदार पटेल पर आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने का दबाव डाला। 28 दिन बाद सरदार पटेल ने नेहरू को एक पत्र लिखा कि उन्हें पता चला है कि महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस का कोई हाथ नहीं था।

## तेल और गैस की खोज की जा रही: पुरी

# देश स्वच्छ, मजबूत व आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य का निर्माण कर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी नेकहा कि भारत एक स्वच्छ, मजबूत और आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने देश के 99 प्रतिशत अपतटीय क्षेत्र को तेल और गैस की खोज के लिए खोल दिया है और कच्चे तेल के आयात को पहले के 27 देशों से बढ़ाकर 40 से अधिक देशों तक कर दिया है।



भारत की ऊर्जा नीति एक चार-आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें-कच्चे तेल के आयात में विविधता, तेल और गैस की घरेलू खोज में वृद्धि, क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शामिल हैं। उज्ज्वला के तहत 10.60 करोड़ गरीब परिवारों को ईंधन के रूप में सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर दिए जा चुके हैं।हरदीप पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत एक ऐसा भविष्य बना रहा है जहां ऊर्जा सुरक्षित, सस्ती और टिकाऊ होगी।

### विशाल चट्टान से टकराई मालगाड़ी, इंजन के पटरी से उतरने पर रेल यातायात ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अनंतगिरि घाट किरंदुल-कोत्तवालसा रेललाइन रविवार तड़के 4 बजे भोर की खामोशी को चीरती एक ज़ोरदार धमाके की आवाज़ आई। किरंदुल-कोत्तवालसा रेल लाइन के दुर्गम पहाड़ी सेक्शन में एक मालगाड़ी चलती ट्रेन अचानक विशाल चट्टान से टकरा गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि इंजन बेपटरी हो गईं,जिससे रेललाइन पर घंटों तक अफरा-तफरी मच गई। लोकोपायलट ने अचानक पटरियों पर गिरी एक विशाल चट्टान देखी। ब्रेक लगाने का मौका तक नहीं मिला और इंजन सीधा चट्टान से जा भिड़ा। टक्कर से रेल का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। रेलवे प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। और दोपहर तक मलबा हटाने का कार्य जारी रहा। पूर्व तट रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि हादसे में किसी यात्री की जान नहीं गई। फिलहाल,किरंदुल-विशाखापत्तनम रेल सेक्शन पर ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह ठप है।



## खबर संक्षेप




### सिएट के शुद्ध लाभ में 54 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली कंपनी सिएट ने बताया कि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 54 प्रतिशत बढ़कर 186 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 121 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। सिएट लि. ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि दूसरी तिमाही में परिचालन राजस्व बढ़कर 3,773 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 3,304 करोड़ रुपये था।

### रिलायंस रिटेल का मुनाफा 22 फीसदी बढ़ 3,457 करोड़

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर लिमिटेड (आरआरवीएल) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 21.9 प्रतिशत बढ़कर 3,457 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025-26 की सितंबर तिमाही में कंपनी का सकल राजस्व 18 प्रतिशत बढ़कर 90,018 करोड़ रुपये रहा। त्योहारी खरीदारी और स्टोर की परिचालन क्षमता बढ़ने के कारण यह वृद्धि हुई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल आय 76,302 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 2,836 करोड़ रुपये था।




### ईजमाईट्रिप करेगी चार कंपनियों का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग मंच ईजमाईट्रिप के निदेशक मंडल ने एकीकृत यात्रा पारिस्थितिकी तैयार करने के इरादे से चार कंपनियों के रणनीतिक अधिग्रहण की मंजूरी दे दी। ईजमाईट्रिप ने एक बयान में कहा कि इन चार कंपनियों में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। इनमें डूडल डॉडलिंग एंटरटेनमेंट प्राइवेट लि., एसएसएल निर्वाणा ग्रैंड गोल्फ डेवलपर्स प्राइवेट लि., जावाफाइल हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लि. और लेवो ब्यूटी प्राइवेट लि. शामिल हैं। सभी प्रस्तावित रणनीतिक निवेश संबंधित निदेशक मंडल एवं शेयरधारकों की मंजूरी और नियामकीय कानूनों के तहत जरूरी अनुमोदनों के अधीन होंगे।

# एआई की वजह से एचडीएफसी बैंक कोई छंटनी नहीं करेगा : सीईओ

## बैंक के सीईओ जगदीशन ने कहा, बैंक में सितंबर तक 2.20 लाख कर्मचारी थे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक को नहीं लगता कि कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से किसी कर्मचारी की छंटनी होगी। बैंक के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही है। एचडीएफसी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक शशिधर जगदीशन ने शनिवार को कहा कि बैंक में सितंबर तक 2.20 लाख कर्मचारी थे।

बैंक जनरेटिव एआई सहित प्रौद्योगिकियों में कुछ प्रयोग कर रहा है, जिसका लाभ अगले 18-24 महीनों में मिलेगा। उन्होंने कहा, ''सच कहूं तो, एआई के कारण कम से कम हमारे बैंक में किसी भी तरह की छंटनी नहीं होने वाली है। क्योंकि मैं इसे लोगों को 'बैकएंड' से 'फ्रंटएंड' या 'टेक्नोलॉजी एंड' पर ले जाने के एक बड़े अवसर के रूप में देखता हूं।''

### सामान्य छंटनी ही की जाएगी

जगदीशन ने नौकरियों पर एआई के प्रभाव को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने बताया, ''यह केवल हमारे कर्मचारियों की नियुक्ति के स्वरूप को बदलेगा। लेकिन, इससे कर्मचारियों की संख्या में कोई कमी नहीं आएगी, सिवाय सामान्य छंटनी के, जो हमारे यहां होती है।''




### 15 वर्षों में पहली बार कर्मचारी नहीं बढ़ाए गए

सीईओ ने यह टिप्पणी विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों पर एआई के प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच की है। बैंकिंग क्षेत्र में भी, एक प्रमुख दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र के दिग्गज ऋणदाता के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने हाल ही में टिप्पणी की थी कि उन्होंने व्यावसायिक वृद्धि के बावजूद 15 वर्षों में पहली बार कर्मचारियों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं की है।

### पिछले छह माह में पांच हजार कर्मियों को जोड़ा

जगदीशन ने अगले तीन साल में एआई के कारण कर्मचारियों की संख्या में 10 प्रतिशत की कमी की ओर इशारा किया था। पिछले छह महीनों में, एचडीएफसी बैंक ने लगभग 5,000 कर्मचारियों को जोड़ा है, जिससे सितंबर के अंत तक उसके कर्मचारियों की कुल संख्या 2.20 लाख से अधिक हो गई है।

## इस साल 20 अक्टूबर को संभवत: अपनी आखिरी काली पूजा मनाएगा

# कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज इस साल अपनी आखिरी दिवाली मनाएगा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

देश के सबसे पुराने स्टॉक एक्सचेंज में से एक, कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज (सीएसई) इस साल 20 अक्टूबर को संभवतः अपनी आखिरी 'काली पूजा' और 'दिवाली' मनाएगा। एक दशक चली लंबी कानूनी लड़ाई के बाद एक्सचेंज की स्वैच्छिक रूप से परिचालन बंद करने की प्रक्रिया लगभग पूरी होने वाली है।

■ एक दशक तक लंबी चली कानूनी लड़ाई

नियामकीय नियमों का पालन न करने के कारण अप्रैल, 2013 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सीएसई में कारोबार निलंबित कर दिया था। परिचालन को फिर शुरू करने और अदालतों में सेबी के निर्देशों का विरोध करने के वर्षों के प्रयासों के बाद, एक्सचेंज ने अब कारोबार से हटने और अपने स्टॉक एक्सचेंज लाइसेंस को स्वैच्छिक रूप से वापस देने का फैसला किया है।

*एक्सचेंज की स्वैच्छिक रूप से बंद करने की प्रक्रिया पूरी*



### आमसभा में कारोबार से हटने अनुमोदन प्राप्त किया

*शेयर बाजार कारोबार से हटने के संबंध में 25 अप्रैल, 2025 की असाधारण आमसभा के माध्यम से शेयरधारकों से भी अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। इसके बाद सीएसई ने सेबी को कारोबार से हटने का आवेदन किया है। नियामक ने स्टॉक एक्सचेंज के मूल्यांकन के लिए एक मूल्यांकक एजेंसी नियुक्त की है, जिसका काम अभी चल रहा है।''*

### सीएसई होल्डिंग कंपनी के रूप में काम करेगा

सीएसई के चेयरमैन दीपांकर बोस ने कहा कि सेबी द्वारा स्टॉक एक्सचेंज कारोबार के लिए बाहर निकलने की मंजूरी मिलने के बाद सीएसई एक होल्डिंग कंपनी के रूप में कार्य करेगा, जबकि इसकी 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी, सीएसई कैपिटल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड (सीसीएमपीएल), एनएसई और बीएसई के सदस्य के रूप में ब्रोकिंग जारी रखेगी।

### पारेख घोटाले के बाद भुगतान संकट पैदा हो गया था

नियामक ने ईएम बाईपास पर सीएसई की तीन एकड़ की संपत्ति को सृजन समूह को 253 करोड़ रुपये में बेचने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। 1908 में स्थापित, 117 साल पुराना यह संस्थान कभी व्यापारिक मात्रा के मामले में बीएसई को टक्कर देता था और कोलकाता की वित्तीय विरासत का प्रतीक था। 120 करोड़ रुपये के केतन पारेख से जुड़े घोटाले के बाद कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज में भुगतान संकट पैदा हो गया, क्योंकि कई ब्रोकर निपटान दायित्वों को पूरा करने में चूक गए।

### निवेशकों के विश्वास को तोड़ा

इस घटना ने निवेशकों और नियामकों के विश्वास को तोड़ दिया, जिसके परिणामस्वरूप व्यापारिक गतिविधियों में लंबे समय तक गिरावट आई। सीएसई एक स्वतंत्र शेयर बाजार के रूप में अपने अंतिम उत्सव की तैयारी कर रहा है, और अब कुछ सदस्यों के बीच एक पुरानी यादों का माहौल है।

### प्रस्ताव सेबी को पेश किया गया

दिसंबर, 2024 में, सीएसई के निदेशक मंडल ने कलकत्ता उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में अपने लंबित मामलों को वापस लेने और स्वैच्छिक निकासी के लिए आवेदन करने का संकल्प लिया। यह प्रस्ताव औपचारिक रूप से 18 फरवरी को सेबी को पेश किया गया था और इस वर्ष 25 अप्रैल को शेयरधारकों की मंजूरी प्राप्त हुई।

### कर्मचारियों के लिए वीआरएस शुरू की

सेबी ने राजवंशी एंड एसोसिएट को मूल्यांकन का कार्य सौंपा है - जो अनुमोदन से पहले का अंतिम चरण है। तैयारी के तौर पर, एक्सचेंज ने सभी कर्मचारियों के लिए एक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) शुरू की है, जिसमें 20.95 करोड़ रुपये का एकमुश्त भुगतान शामिल है, जिससे लगभग 10 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत होगी।

# त्योहारों के बाद भौतिक मांग कम होने से सोने में गिरावट संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगले सप्ताह सोने की कीमतों में कुछ हद तक स्वस्थ गिरावट देखने को मिल सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हालिया रिकॉर्ड तेजी अब भी जारी है, लेकिन त्योहारों के बाद भौतिक मांग कम हो गई है। विश्लेषकों ने यह राय जाहिर की।

■ विश्लेषकों का मानना कीमतों में कुछ गिरावट देखने मिलेगी

वैश्विक और घरेलू बाजारों में नई ऊंचाइयों को छूने के बाद सर्राफा एक सीमित दायरे में कारोबार कर सकता है, क्योंकि निवेशकों की नजर अमेरिकी वित्त पोषण विधेयक, प्रमुख वैश्विक आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों पर है।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''सोने की कीमतों में कुछ स्वस्थ गिरावट देखने को मिल सकता है, क्योंकि मौजूदा बुनियादी बातों का पहले ही मूल्यांकन हो चुका है और सप्ताह के मध्य के बाद भौतिक मांग कम हो जाएगी।'' उन्होंने आगे कहा कि कारोबारी प्रमुख वैश्विक संकेतकों पर नजर रखेंगे, जिनमें चीन के आंकड़े, ब्रिटेन की मुद्रास्फीति, विभिन्न क्षेत्रों के पीएमआई आंकड़े, अमेरिकी उपभोक्ता विश्वास के आंकड़े और फेडरल रिजर्व की टिप्पणी शामिल हैं। मेर ने आगे कहा कि भारत में त्योहारी मांग और ईटीएफ की मजबूत खरीदारी के कारण पिछले सप्ताह सोना सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ।



### अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कारण सोने में तेजी

पिछले सप्ताह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का वायदा भाव 5,644 रुपये या 4.65 प्रतिशत बढ़ा। एंजल वन के प्रथमेश माल्या ने कहा कि सोने की कीमतों में तेजी रुकने का नाम नहीं ले रही है। नीतिगत अनिश्चितता, अमेरिकी शुल्क और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कारण 2025 तक इसमें तेजी बनी रहेगी।

### सोने में ऊपरी स्तर से गिरावट दर्ज

एमसीएक्स पर, दिसंबर डिलिवरी वाले सोने का वायदा भाव शुक्रवार को 1,32,294 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, इसमें ऊपरी स्तर से गिरावट हुई और यह 1,27,008 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

# दिसंबर तक चांदी की कीमत 55 डॉलर प्रति औंस तक रहेगी स्थिर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लि. (एचजेडएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण मिश्रा ने कहा है कि इस वर्ष दिसंबर तक चांदी की कीमत लगभग 55 डॉलर प्रति ट्रॉय औंस के स्तर पर स्थिर रह सकती है। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक व्यापार में अस्थिरता और अन्य निवेश विकल्पों में भरोसे की कमी के कारण निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं। यह कंपनी विश्व स्तर पर चांदी की शीर्ष पांच प्राथमिक उत्पादकों में से एक है तथा देश में चांदी की सबसे बड़ी उत्पादक है। मिश्रा ने बताया,''...मैंने जनवरी तक चांदी की कीमत 46 डॉलर प्रति औंस रहने का अनुमान लगाया था, लेकिन वह स्तर पार हो चुका है और अब अनुमान है कि दिसंबर तक इसकी कीमत 50 से 55 डॉलर प्रति औंस के बीच रह सकती है और इस स्तर पर यह काफी समय तक स्थिर बनी रह सकती है।''

# अमेरिका को भारत का निर्यात घटा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारत का अमेरिका को निर्यात कम हुआ है, जबकि गैर-अमेरिकी गंतव्यों को निर्यात मजबूत बना हुआ है और पिछले वृद्धि के आंकड़ों को पार कर गया है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अक्टूबर की अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त, 2025 में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने के बाद सितंबर में अमेरिका को व्यापारिक निर्यात 11.9 प्रतिशत घटकर 5.5 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। एजेंसी ने कहा कि शुल्क वृद्धि से पहले खेप लोड नहीं होती तो यह गिरावट और भी तेज होती। इसके उलट गैर-अमेरिकी बाजारों में निर्यात सितंबर में 10.9 प्रतिशत बढ़ा, जो अगस्त, 2025 में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि से तेज है। अमेरिका को होने वाले निर्यात में गिरावट डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा 27 अगस्त से प्रभावी भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के फैसले के बाद आई है। क्रिसिल ने आगाह किया है कि भारत के व्यापारिक निर्यात को अमेरिकी शुल्क वृद्धि और वैश्विक वृद्धि में व्यापक सुस्ती के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ गैर-अमेरिकी बाजारों ने मजबूती दिखाई : रिपोर्ट



वैश्विक रुझान, विदेशी निवेशकों के रुख भी निभाएगा बड़ी भूमिका

# तिमाही नतीजों से तय होगी इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार में निवेशक छुट्टियों वाले इस सप्ताह के दौरान वैश्विक रुझानों, विदेशी निवेशकों के रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है। शेयर बाजार बीएसई और एनएसई मंगलवार, 21 अक्टूबर को एक विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र का आयोजन करेंगे। यह प्रतीकात्मक कारोबार सत्र दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक चलेगा। इस दिन सामान्य कारोबार नहीं होगा। इसके बाद दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''छोटा कारोबारी सप्ताह घटनाओं से भरा रहेगा और निवेशकों के लिए कई प्रमुख कारक सामने आएंगे। बाजार सहभागी सबसे पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे।

■ शेयर बाजार में यह सप्ताह छुट्टियों वाला होगा



### अमेरिकी शुल्क व कच्चे तेल की कीमतों पर होगी नजर

मिश्रा ने कहा कि चीन पर प्रस्तावित अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रम, साथ ही कच्चे तेल की कीमतों और मुद्रा में उतार-चढ़ाव पर भी निवेशकों की नजर होगी। पिछले तीन महीनों से शुद्ध आधार पर बिकवाली करने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) अक्टूबर में अब तक 6,480 करोड़ रुपये के निवेश के साथ लिवाल बन गए हैं।

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।


**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# पूंजीकरण में रिलायंस व एयरटेल

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,16,544.29 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल को सबसे अधिक लाभ हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,451.37 अंक या 1.75 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ में रहीं। वहीं जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।




# ऑनलाइन दिवाली बिक्री में गैर-महानगर का योगदान बढ़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस साल ऑनलाइन दिवाली खरीदारी में गैर-महानगर शहरों का योगदान सबसे ज्यादा रहा, जो कुल ई-कॉमर्स बिक्री मात्रा का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा रहा। इसमें भी तीसरी श्रेणी के शहरों का योगदान 50 प्रतिशत से अधिक रहा। लॉजिस्टिक मंच 'क्लिकपोस्ट' ने 4.25 करोड़ से अधिक ऑर्डर के उद्योग आंकड़ों का विश्लेषण करके यह जानकारी दी। इसके मुताबिक ये क्षेत्र त्योहारी ई-कॉमर्स को बढ़ाने वाले सबसे तेज और सबसे बड़े संचालक बन गए हैं। ऐसे में ऑर्डर की मात्रा और वृद्धि के लिहाज से गैर-महानगरों की भूमिका और मजबूत हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया, ''गैर-महानगर भारत का आकार हैरान करने वाला है। वर्ष 2025 में सभी ऑर्डर में 50.7 प्रतिशत अकेले तीसरी श्रेणी के शहरों से आए। दूसरी श्रेणी (24.8 प्रतिशत) और तीसरी श्रेणी के शहर भारत के कुल ऑर्डर (मात्रा के लिहाज से) का लगभग तीन-चौथाई (74.7 प्रतिशत) प्रतिनिधित्व करते हैं। इससे ई-कॉमर्स की वृद्धि में इनकी भूमिका की पुष्टि होती है।''

## शब्द पहेली - 6024




**बाएँसेदाए+**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -6023 का हल





भारत ने संघर्ष करते हुए बनाए 9 विकेट पर 136 रन

### ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट से जीता 26-26 ओवर का पहला वनडे

# भारत का वनडे में लगातार 8 मैच जीतने का सिलसिला टूटा, विराट-रोहित ने किया मायूस

एजेंसी ▶▶| पर्थ

विराट कोहली और रोहित शर्मा की लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कुल मिलाकर सिर्फ 22 गेंदों तक चली और उनके फीके प्रदर्शन का असर मैच के परिणाम पर भी दिखा, जहां ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को बारिश से प्रभावित मुकाबले में भारत पर 29 गेंद शेष रहते सात विकेट की आसान जीत दर्ज की। भारतीय पारी के दौरान लगातार बारिश की वजह से मुकाबला 26-26 ओवर का कर दिया गया था। भारत ने संघर्ष करते हुए 9 विकेट पर 136 रन बनाए लेकिन ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से जीत के लिए 131 रन का लक्ष्य मिला। टीम ने 21.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड (आठ) ने शुरुआत में ही अर्शदीप सिंह की गेंद पर डीप थर्ड मैन पर हर्षित राणा को कैच थमा दिया। इसके बाद क्रीज पर आए मैथ्यू शॉर्ट (आठ) भी बिना कोई खास योगदान दिए पवेलियन लौट गए। कप्तान मिशेल मार्श (नाबाद 46 रन, 52 गेंद) ने जोश फिलिप (37 रन, 29 गेंद) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की आक्रामक अहम साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बनाए रखा।

*ऑस्ट्रेलिया की जीत के साथ ही भारत का वनडे में लगातार आठ मैच जीतने का सिलसिला टूट गया। इस साल यह पहली बार है जब भारत को वनडे में हार का सामना करना पड़ा है। गिल को वनडे कप्तान के तौर पर अपने पहले ही मैच में हार मिली।*

### 550 मैच खेलने वाले 5वें भारतीय बने रोहित

*रोहित अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 मैच खेलने वाले विश्व के कुल 11वें खिलाड़ी बने हैं। भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो वह इस आंकड़े को छूने वाले 5वें खिलाड़ी बने हैं। भारतीय खिलाड़ियों में रोहित केवल सचिन तेंदुलकर (664), कोहली (551), महेंद्र सिंह धोनी (535) और राहुल द्रविड़ (504) से पीछे हैं। बता दें कि रोहित ने 2007 में अपने करियर की शुरुआत की थी।*



### भारतीय टीम लय हासिल करने में नाकाम

भारतीय टीम अपनी पारी की शुरुआत से ही किसी तरह की लय हासिल करने में नाकाम रही। बारिश के कारण कई बार खेल रुकने से स्थिति और मुश्किल हो गयी। लोकेश राहुल (30 गेंद में 38 रन) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज सहज नहीं दिखा। ऑस्ट्रेलिया ने बादलों की आंख-मिचौली के बीच तेज गेंदबाजों की मददगार ऑप्टस स्टेडियम में पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो सही साबित हुआ।

### स्कोर बोर्ड

| भारत स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का रेनशॉ बो हेजलवुड | 08 | 14 | 0 | 1 |
| गिल का फिलिप्स बो एलिस | 10 | 18 | 2 | 0 |
| कोहली का कोनोली बो स्टार्क | 00 | 8 | 0 | 0 |
| अय्यर का फिलिप्स बो हेजलवुड | 11 | 24 | 1 | 0 |
| पटेल का रेनशॉ बओ कुहनेमैन | 31 | 38 | 3 | 0 |
| राहुल का रेनशॉ बो ओवेन | 38 | 31 | 2 | 2 |
| सुंदर बो कुहनेमैन | 10 | 10 | 1 | 0 |
| रेड्डी नाबाद | 19 | 11 | 0 | 2 |
| राणा का फिलिप्स बो ओवेन | 01 | 2 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 00 | 0 | 0 | 0 |
| सिराज नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त 08**

**कुल योग: 26 ओवर में 9विकेट पर 136 रन**

**गेंदबाजी:** स्टार्क 6-1-22-1, हेजलवुड 7-2-20-2, एलिस 5-1-29-1, ओवेन 3-0-20-2, कुहनेमैन 4-0-26-2, शॉर्ट 1-0-17-0.

| ऑस्ट्रेलिया स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श नाबाद | 46 | 52 | 2 | 3 |
| हेड का राणा बो अर्शदीप | 08 | 5 | 2 | 0 |
| शॉर्ट का रोहित बो अक्षर | 08 | 17 | 1 | 0 |
| फिलिप का अर्शदीप बो वाशिंगटन | 37 | 29 | 3 | 2 |
| मैट रेनशॉ नाबाद | 21 | 24 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त: 11**


**कुल योग: 21.1 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन**

**गेंदबाजी:** सिराज 4-1-21-0, अर्शदीप 5-0-31-1, राणा 4-0-27-0, अक्षर 4-0-19-1, रेड्डी 2.1-0-16-0, वाशिंगटन 2-0-14-1

## 17 साल बाद भारत की झोली में आया मेडल तन्वी का रजत पदक के साथ सफर समाप्त

विश्व जूनियर चैंपियनशिप में तन्वी से पहले साइना और अपर्णा जीत चुकी हैं मेडल





थाईलैंड की खिलाड़ी अन्यापत ने तन्वी को हराया

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा का बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने का सपना रविवार को महिला एकल फाइनल में थाईलैंड की अन्यापत फिचितप्रीचासक से सीधे गेम में हारकर टूट गया। यह 16 वर्षीय खिलाड़ी साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के नक्शेकदम पर चलते हुए टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला शटलर बनी। फाइनल में हालांकि वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई और उन्हें दूसरी वरीयता प्राप्त थाई खिलाड़ी से 7-15, 12-15 से हार का सामना करना पड़ा। इस प्रकार तन्वी ने रजत पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया, जो 17 वर्षों में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक है। साइना (2008 में स्वर्ण और 2006 में रजत) और अपर्णा (1996 में रजत) इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली अन्य भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

### फाइनल में मुकाबला रहा कड़ा

*फाइनल में मुकाबला शुरू से ही कड़ा रहा क्योंकि दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे की गलतियों के कारण 2-2 से 4-4 तक बराबरी पर आ गए। थाई खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद भारतीय खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाकर 10-5 की बढ़त बना ली और फिर इसके बाद आसानी से पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में तन्वी ने कुछ सटीक डीप रिटर्न के साथ 6-1 की बढ़त बना ली। लेकिन फिर से उन्होंने गलतियां की, जिसका फायदा उठाकर थाई खिलाड़ी ने अंतर को 5-7 तक कम कर दिया।फ़िचितप्रीचासक का अगला शॉट चूक गया, जिससे तन्वी को मध्यांतर तक 8-5 की मामूली बढ़त मिल गई।*

## लेयला ने जीता अपने कॅरियर का पांचवां खिताब



एजेंसी ▶▶| ओसाका

लेयला फर्नांडीज ने डब्ल्यूटीए जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में 18 वर्षीय क्वालीफायर टेरेजा वैलेंटोवा को 6-0, 5-7, 6-3 से हराकर अपने करियर का पांचवां खिताब जीता। अपने करियर के आठवें फाइनल में खेलते हुए फर्नांडीज ने पहला सेट 29 मिनट में जीत लिया। वैलेंटोवा ने दूसरे सेट के 12वें गेम में फर्नांडीज की सर्विस तोड़कर मैच को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक सेट में 27वीं रैंकिंग की खिलाड़ी फर्नांडीज ने चौथे गेम में महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट हासिल किया और चेक गणराज्य की खिलाड़ी की चुनौती से पार पाकर जुलाई में डब्ल्यूटीए 500 डीसी ओपन जीतने के बाद सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता।

## पहली जीत की तलाश में श्रीलंका आज बांग्लादेश से होगी भिड़ंत



एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

श्रीलंका की टीम महिला वनडे विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है और सोमवार को जब उसका सामना बांग्लादेश से होगा तो उसका लक्ष्य टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना होगा। बांग्लादेश की तरह श्रीलंका के खाते में भी दो अंक हैं, लेकिन दोनों ही अंक उसे बारिश के कारण रद्द हुए मैचों में मिले हैं। श्रीलंका को अभी तक पांच मैच में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है और वह आठ टीमों की प्रतियोगिता में सातवें स्थान पर है। बांग्लादेश ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है। उसने पाकिस्तान को हराकर अपना खाता खोला था लेकिन दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड जैसी मजबूत टीमों को कड़ी चुनौती देने के बावजूद उसे हार का सामना करना पड़ा था। श्रीलंका और बांग्लादेश दोनों की ही सेमीफाइनल में पहुंचने की राह बेहद मुश्किल हो गई है। उन्हें अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए न सिर्फ अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे बल्कि अन्य मैच के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने के लिए प्रार्थना करनी होगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ""Ex-showroom price of Destini 125 in Delhi and may change without any prior notice. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. *T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura:Shraman Hero – 9289924252,Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero-7836078383, Samalkha:Singla Hero - 7836078484, Janak Puri:Singla Hero - 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310;Ghaziabad: Meerut, Delhi Road: Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar: Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124: Uppal Hero - 9289922462, Sector-58 C-70: Singla Hero- 9289923059; BulandShahr:Delhi Road: Shri Durga Hero- 9289922504, RajeBabu Road: Krishna Hero- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209,Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327.

RS/Hero/09/25